

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 18 फरवरी 2025 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-319 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 19 फरवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


### नई दिल्ली भगदड़ मामले में RPF की जांच रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

## प्लेटफॉर्म बदलने की घोषणा से हुआ हादसा

**नई दिल्ली,18 फरवरी।** रेलवे सुरक्षा बल की जांच रिपोर्ट के अनुसार, प्रयागराज स्पेशल ट्रेन ने शनिवार रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अचानक प्लैटफॉर्म बदलने की घोषणा की, जिससे भगदड़ मची थी. नई दिल्ली स्टेशन के आरपीएफ इंस्पेक्टर द्वारा रविवार को भेजी गई रिपोर्ट में कहा है कि शिव गंगा एक्सप्रेस शनिवार रात 8 बजे प्लैटफॉर्म संख्या 12 से रवाना होने के बाद स्टेशन पर भारी भीड़ जमा हो गई थी, जिसके चलते प्लैटफॉर्म संख्या 12-13, 14-15 और 16 पर जाने वाले रास्ते जाम हो गए. सूचना पाकर, सह सुरक्षा आयुक्त ने स्टेशन निदेशक को स्पेशल गाड़ी को यात्रियों से भरते ही चलाने की सलाह दी. साथ ही टिकट बिक्री बंद करने को भी कहा था. रात 8.45 बजे मौके पर पहुंचे आरपीएफ जवान एफओबी-2 और 3 खाली कराने में जुट गए. इसी दौरान प्रयागराज के लिए स्पेशल ट्रेन के प्लैटफॉर्म संख्या 12 से जाने की घोषणा की गई. 3 मिनट बाद गाड़ी के प्लैटफॉर्म को 16 करने की घोषणा की गई. इस दौरान प्लैटफॉर्म संख्या 14 पर मगध एक्सप्रेस और 15 पर उत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस खड़ी थीं. साथ ही प्रयागराज एक्सप्रेस और प्रयागराज स्पेशल के बहुत से यात्री प्लैटफॉर्म 14 पर मौजूद थे, क्योंकि प्रयागराज एक्सप्रेस को मगध एक्सप्रेस से छूटने के बाद प्लैटफॉर्म 14 पर आना था. रेलवे अफसरों को रात 8.48 बजे आरपीएफ के सेक्टर इंचार्ज ने सूचना दी कि प्रयागराज स्पेशल के यात्री प्लैटफार्म संख्या 12-13 और 14-15 से एफओबी-2 और 3 पर चढ़ने लगे, जबकि मगध एक्सप्रेस, प्रयागराज एक्सप्रेस और उत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के यात्री सीढ़ियों से उतर रहे थे. धक्का-मुक्की से कुछ यात्री नीचे गिर पड़े और भगदड़ मच गई. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि देश भर के 60 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के लिए स्थायी-अस्थायी होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे, जो नई दिल्ली स्टेशन पर भगदड़ की घटना के बाद ट्रेनों और स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन मैनुअल को लागू करने के लिए तैयार हैं.नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों को विशेषज्ञ समिति बनाने का आदेश देने की मांग की गई है, जो ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोके. रेलवे ने शनिवार रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 लोगों की मौत के बाद सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए कई उपाय किए हैं. यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है और एक अस्थायी पंडाल बनाया गया है. रेलवे सुरक्षा बल के जवान स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज पर तैनात हैं ताकि अनावश्यक भीड़ को रोका जा सके. यात्रियों को किसी भी मेडिकल इमरजेंसी में मदद करने के लिए प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 16 पर मेडिकल हेल्प डेस्क भी बनाए गए हैं.RPF के एक जवान ने माइक से कहा, 'जिन यात्रियों की ट्रेन लेट है, वे स्टेशन के अंदर और गेट पर न बैठें. उनके लिए बाहर एक पंडाल बनाया गया है, जहां वे आराम कर सकते हैं.' हालांकि, स्टेशन के प्रवेशद्वार पर अभी भी बहुत से यात्री इंतजार कर रहे हैं, जब तक कि महाकुंभ मेला 26 फरवरी को समाप्त नहीं हो जाता.

## कांग्रेस का हाथ अलगाववादियों के साथः विष्णुदेव साय

**रायपुर,18 फरवरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ट्वीट कर कांग्रेस पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा, कांग्रेस के हाथ सीधे तौर पर अलगाववादियों, देश के दुश्मनों के साथ है। कांग्रेस के विदेशी विभाग के प्रमुख सैम पित्रौदा को शायद देश के दुश्मनों का हाथ मजबूत करने के लिए ही रखा गया है। पित्रौदा द्वारा पहले भारतीय नस्ल को ही अपमानित करना, फिर बार-बार भारत के बारे में अलग-अलग मंचों पर दुष्प्रचार करना और देश को कमजोर करने की साजिश रचते रहना कांग्रेस की अघोषित नीति ही है। सीएम साय ने कहा, अभी फिर एक विवादास्पद बयान देकर फिर वही किया गया है। सैम पित्रौदा के हर बयान के बाद उसे निजी बयान बता देना भी कांग्रेस की पहले से तय नीति है। अपने नेता से बयान दिलाकर पहले देश विरोधियों को तुष्ट कर देना और फिर भारत में उसे निजी बयान बता देनाज यह साबित करता है कि कांग्रेस आज भी 'चोर से कहो चोरी कर और गृह स्वामी से कहो जागते रह' की अपनी पुरानी नीति पर कायम है। संबंधित देश के सत्ताधारी से कांग्रेस का आधिकारिक समझौते के कारण ही ये तमाम बयान आते हैं। सीएम ने कहा, अगर सैम के बयान से सहमति नहीं है तो क्या उन्हें कांग्रेस पार्टी से निष्कासित करेगी? अगर उन्हें बर्खास्त नहीं किया जाता है तो यह साबित होगा कि पार्टी आलाकमान के इशारे पर ही देश को कमजोर करने का कुचक्र रचा जा रहा है। यह निंदनीय है।

## संक्षेप

### पंचायत चुनाव में भी भाजपा का जलवा

**रायपुर,18 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के 53 विकास खंडों में सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण का मतदान हुआ। नगरीय निकाय की तरह ही इस चुनाव में एक बार फिर भाजपा का जलवा देखने को मिला। 149 जिपं क्षेत्रों में भाजपा समर्थित 115 सदस्य निर्वाचित हुए हैं। इसके अलावा कई जनपद सदस्य और सरपंच पदों पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी जीतें हैं।

**115 प्रत्याशियों ने जीते जिला पंचायत सदस्य चुनाव**

### जशपुर जिला पंचायत की तीनों सीट हारी भाजपा

**जशपुर,18 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के नतीजे आने लगे हैं. जशपुर में भाजपा को बड़ी हार मिली है. यहां बीजेपी जीत का खाता नहीं खोल पाई. क्षेत्र के तीनों जिला पंचायत सदस्य की सीट पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा है. तीन जिला पंचायत सदस्य की सीट पर चुनाव हुआ, जिसमें 2 में कांग्रेस और एक में निर्दलीय प्रत्याशी ने जीत हासिल की है. क्षेत्र क्रमांक 1 से भाजपा के बागी गेंदबिहारी सिंह, क्षेत्र क्रमांक 2 से कांग्रेस समर्थित आशिका कुजूर और क्षेत्र क्रमांक 3 से कांग्रेस समर्थित मोनिका टोप्पो ने जीत दर्ज की है. वहीं बगीचा भाजपा के मंडल अध्यक्ष हरीश आरिक भी पंच का चुनाव हार गए.

### मंत्री के गढ़ में भाजपा की बड़ी हार

**मनेंद्रगढ़,18 फरवरी।** जिला पंचायत चुनाव में कांग्रेस ने शानदार जीत हासिल की है. मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के क्षेत्र में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा है. यहां कांग्रेस ने अपनी स्थिति को मजबूत किया है. मनेंद्रगढ़ खड़गवां के दोनों जिला पंचायत क्षेत्रों में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है. कांग्रेस की ममता सिंह और प्रिया मसराम ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 और 10 से जीत हासिल की है. क्षेत्र क्रमांक 9 से जिला पंचायत अध्यक्ष रही भाजपा समर्थित रेणुका सिंह और क्षेत्र क्रमांक 10 से जनपद अध्यक्ष रही भाजपा समर्थित सोनमति उर्रे को हार का सामना करना पड़ा.

### पुरंदर ने कहा-कांग्रेस को अब बोरिया बिस्तर बांधकर इटली चले जाना चाहिए

**रायपुर,18 फरवरी।** चुनावी नतीजों के बाद विधायक पुरंदर मिश्रा ने कांग्रेस पर निशाना साधा है. निकाय के नतीजों और पंचायतों के रुझानों को लेकर कांग्रेस पर तंज कसते हुए मिश्रा ने कहा, बोरिया बिस्तर बांधकर कांग्रेस को इटली चले जाना चाहिए. पंजाब का दायित्व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को दिया गया है. हिमालय भी पास है, वही से तप करने निकल जाना चाहिए. पुरंदर मिश्रा ने नैतिकता के आधार पर दीपक बैज को इस्तीफा देने की ओर इशारा करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ छोड़कर बैज को ओडिशा शिफ्ट हो जाना चाहिए. हार हुई, जनादेश स्वीकार करने के लिए होता है.

### भिंड में राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े पिकअप वैन से आकर भिड़ा डंपर, 5 मौत

**भिंड,18 फरवरी।** मध्य प्रदेश के भिंड में मंगलवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-719) पर खड़े पिकअप वैन में तेज रफ्तार डंपर भिड़ गया। हादसे में 5 लोगों की मौत हुई है, जबकि 8 अन्य लोग घायल हुए हैं। हादसा ग्वालियर-इटावा राजमार्ग पर जवाहरपुरा गांव के पास सुबह 5 बजे हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप वाहन 50 मीटर तक घिसटते चला गया।घटना से नाराज ग्रामीणों ने राजमार्ग पर जाम लगा दिया।रिपोर्ट के मुताबिक, जवाहरपुरा निवासी राकेश बंसल के बेटे की शादी थी, जिसमें भवानीपुर से रिश्तेदार आए थे।

## श्रवण गोयल की जमानत याचिका खारिज

**रायपुर,18 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग के 2021 भर्ती प्रक्रिया में कथित धाँधली के मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार उद्योगपति श्रवण गोयल की ओर से हाईकोर्ट में ज़मानत याचिका पेश की गई है।याचिका की सुनवाई जस्टिस बी डी गुरु की कोर्ट में हुई। उद्योगपति श्रवण गोयल की ओर से याचिका अधिवक्ता अंकित सिंघल ने पेश की,सीबीआई की ओर से बी गोपाकुमार कोर्ट में पेश हुए थे। हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता की ओर से स्वास्थ्य आधार पर अंतरिम ज़मानत की याचना की गई जिसे हाईकोर्ट ने स्वीकार नहीं किया।ज़मानत याचिका पर सीबीआई को दो हफ़्ते में जवाब दाखिल करना है। दो हफ़्ते के बाद अदालत इस मामले की सुनवाई करेगी। राज्य लोक सेवा आयोग याने CGPSC ने वर्ष 2021 में विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया की थी।171 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया को बीजेपी की ओर से प्रश्नांकित किया गया। इस भर्ती में 170 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया था।बीजेपी की ओर से यह आरोप लगाया गया कि,भर्ती प्रक्रिया में व्यापक धाँधली की गई और अधिकारियों उद्योगपतियों तथा राजनेताओं के नज़दीकी रिश्तेदारों का चयन किया गया।बीजेपी ने इसे विधानसभा चुनाव में अहम मुद्दे के रुप में उठाया। आरोप इतनी गति से लगाए गए कि,इसका असर विधानसभा चुनाव में नज़र भी आया।युवाओं ने भाजपा को वोट दिया। बीजेपी सरकार आने के बाद मामला सीबीआई को सौंपा गया।सीबीआई ने इस मामले में अब तक सात को गिरफ्तार किया है। इस मामले में रायपुर कोर्ट में बचाव पक्ष के अधिवक्ता फैज़ल रिज़वी सीबीआई के रिकॉर्ड जो कि इस मामले में अदालत में पेश किए गए उन्हें दिखाते हुए कहते हैं -सीबीआई यह कह रही है कि घोटाला हुआ,लेकिन यह नहीं बता रही है कि कैसे हुआ। रायपुर कोर्ट में सीबीआई की ओर से पेश की गई चार्जशीट का हवाला देते हुए फैजल कहते हैं - सबसे पहले इस मामले में तत्कालीन पीएससी अध्यक्ष टामन सिंग सोनवानी और उद्योगपति श्रवण गोयल की गिरफ़्तारी हुई,इसके क़रीब 52 दिन के बाद अभ्यर्थियों को गिरफ़्तार किया गया।सीबीआई ने जब चार्जशीट जमा की तो उसमें उन पाँच अभियुक्तों की भी जाँच पूरी बताकर चार्जशीट दाखिल कर दी गई।

## कनाडा में बड़ा विमान हादसा

**टोरंटो,18 फरवरी।** कनाडा में बड़ा विमान हादसा हुआ है। डेल्टा एयरलाइंस की फ्लाइट टोरंटो पियर्सन एयरपोर्ट पर लैंडिंग के समय दुर्घटना का शिकार हो गई। विमान काफी दूर तक फिसलने के बाद पलट गई। हादसे के समय विमान में 80 लोग सवार थे, जिसमें 76 यात्री और 4 चालक दल के सदस्य थे। इसमें 18 लोग घायल हो गए, जिनमें 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। फ्लाइट मिनियापोलिस-सेंट पॉल एयरपोर्ट से टोरंटो पियर्सन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर जा रही थी। हालांकि, टोरंटो पियर्सन एयरपोर्ट पर लैंडिंग के समय दुर्घटना का शिकार हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल से कुछ वीडियो सामने आए हैं, जिसमें मित्सुबिशी CRJ-900LR विमान को बर्फीली सतह पर उल्टा पड़ा दिखाया गया है, जबकि आपातकालीन कर्मचारी इसे पानी से धो रहे हैं। टोरंटो में आए शीतकालीन तूफान से बर्फ के कारण विमान कुछ हद तक छिप गया था। अधिकारियों के अनुसार, इस



विमान को एंडेवर एयर की तरफ से डेल्टा ब्रांड के तहत ऑपरेट किया गया था। हालांकि, टोरंटो पियर्सन में लैंडिंग के दौरान, विमान कंट्रोल खो बैठा और पलट गया। आपातकालीन टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित निकाल लिया गया। हादसे के बाद टोरंटो एयरपोर्ट ने 200 से ज्यादा उड़ानों पर अस्थायी रूप से रोक दी गई थी, लेकिन कुछ ही घंटों के बाद उड़ानों का संचालन फिर से शुरू कर दिया गया था।

## इलाहाबादिया की टिप्पणी से सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली,18 फरवरी।** रणवीर अल्लाहबादिया की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू हो गई है, जिसमें कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो, इंडियाज गॉट लेटेंट में की गई कथित अश्लील टिप्पणियों के लिए उनके खिलाफ दर्ज कई एफआईआर को एक साथ जोड़ने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिस्वर सिंह की पीठ मामले की सुनवाई कर रहा है। इससे पहले शुक्रवार को पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के बेटे अभिनव चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट में मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की थी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने आश्वासन दिया कि मामला एक पीठ को सौंपा जाएगा और दो से तीन दिनों के भीतर सुनवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने इंडियाज गॉट लेटेंट शो में अतिथि भूमिका के दौरान यूट्यूबर और पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया की टिप्पणी पर नाराजगी व्यक्त की। अदालत ने बाद में पूछताछ के दौरान उनसे पूछा, क्या आपको अपनी गंदी मानसिकता को बाहर निकालने के लिए कुछ भी कहने का लाइसेंस है?



आप गुवाहाटी जाकर अपना बचाव क्यों नहीं करते? पीठ ने अत्यधिक असहमति जताते हुए कहा, ÷आपने (इलाहाबादिया) जो शब्द चुने हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कॉमेडी शो इंडियाज गॉट लैटेंट पर यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की टिप्पणियों को आपत्तिजनक, घृणित और गंदा बताया। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने इलाहाबादिया को फटकार लगाते हुए कहा, ÷किसी को भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर समाज के मानदंडों के खिलाफ कुछ भी बोलने का लाइसेंस नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहबादिया का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील से पूछा कि अश्लीलता और फूहड़ता के मानक क्या हैं बता दें कि समय रैना के यूट्यूब शो इंडियाज गॉट लेटेंट शो पर अल्लाहबादिया द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी करने के बाद विवाद खड़ा हो गया, जिसके कारण उनके और अन्य लोगों के खिलाफ कई एफआईआर दर्ज की गईं हैं। अल्लाहबादिया और रैना के अलावा, इस मामले में नामित लोगों में यूट्यूब सेलिब्रिटी आशीष चंचलानी, जसप्रीत सिंह और अपूर्व मखीजा भी शामिल हैं।

## ज्ञानेश कुमार नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले पहले मुख्य चुनाव आयुक्त

**नईदिल्ली,18 फरवरी।** चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को भारत का अगला मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है. वे निवर्तमान राजीव कुमार की जगह लेंगे. वो 1988 बैच के केरल कैडर के आईएएस अधिकारी हैं.

ज्ञानेश कुमार चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले पहले मुख्य चुनाव आयुक्त हैं. इस कानून के तहत चुनाव निकाय प्रमुख के चयन के लिए गठित समिति में चीफ जस्टिस की जगह पर गृह मंत्री को शामिल किया गया है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और विपक्ष के नेता राहुल गांधी की हुई चयन समिति ने उनके नाम को अंतिम रूप दिया और राष्ट्रपति को इसकी सिफारिश की. चुनाव आयोग में अपने कार्यकाल से पहले ज्ञानेश कुमार कई प्रमुख पदों पर रह चुके हैं. इनमें रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव, गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव और अतिरिक्त सचिव, संसदीय कार्य मंत्रालय में सचिव और सहकारिता मंत्रालय में सचिव जैसे पद शामिल हैं.

उन्होंने आईआईटी कानपुर से सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री हासिल की है. साथ ही आईसीएफएआई से बिजनेस फाइनेंस और एचआईएलडी, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से पर्यावरण अर्थशास्त्र में अध्ययन किया है. इससे पहले ज्ञानेश कुमार गृह मंत्रालय में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ काम कर चुके हैं. अगस्त 2019 में आर्टिकल 370 को हटाए जाने के समय वह अमित शाह के नेतृत्व वाले गृह मंत्रालय में कश्मीर संभाग में संयुक्त सचिव के पद पर तैनात थे. इसके अलावा, 2020 में उन्हें अतिरिक्त सचिव के रूप में तैनात किया गया था. उन्होंने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के गठन सहित अयोध्या मामले पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से संबंधित सभी मामलों को देखने के लिए गृह मंत्रालय की एक डेस्क को लीड भी किया था.

## जुनेजा ने हार का ठीकरा बैज पर फोड़ा

### कहा- तुरंत हो संगठन में बदलाव

**रायपुर,18 फरवरी।** नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस की ऐतिहासिक हार के बाद एक बार फिर से पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा चर्चा में हैं. निकाय चुनाव मतदान के बाद बागियों की घर वापसी पर सवाल उठाने वाले जुनेजा ने पार्टी अध्यक्ष दीपक बैज की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए संगठन में तुरंत बदलाव की मांग की है. उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस को नहीं, हमारे मौजूदा संगठन को हार मिली है.रायपुर उत्तर से पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने चर्चा में कहा कि संगठन कमजोर रहा है. निर्दलीय लोगों को बिठाने में पार्टी विफल रही, पोलिंग पांच बजे समाप्त हुई, और 18 लोगों को प्रवेश दें दिया गया, किसके बोलने से प्रवेश किया गया? ये सभी चुनाव हारने का कारण हैं. इसके साथ ही उन्होंने संगठन में तत्काल बदलाव की वकालत करते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को लेकर कहा कि न प्रदेश में पकड़ बना, न कुछ काम किया. दीपक बैज की कार्यप्रणाली से कोई खुश नहीं है. उन्होंने जोर दिया कि जो भी नए अध्यक्ष आएंगे, उनसे इस लिस्ट को निरस्त करने की माँग करेंगे. साथ ही उम्मीद जताई



कि संगठन में खरीद-फरोख्त की जांच के लिए जो मैंने पत्र लिख है, उस पर जांच होगी. नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस को नहीं, बल्कि मौजूदा संगठन को हार मिलने की बात कहते हुए कुलदीप जुनेजा ने कहा कि चार चुनाव हार के बाद भी यदि इस्तीफ़ा मांगा जाए तो शर्म की बात है. नैतिकता नाम की भी कोई चीज होती है, दीपक बैज को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए. कांग्रेस संगठन में बदलाव बहुत जरूरी है. कांग्रेस संगठन में बदलाव बहुत जल्द होना जरूरी है.जुनेजा ने पुरंदर मिश्रा के बयान पर कहा कि मिश्रा को ओडिशा जाकर चुनाव लड़ना चाहिए।

## नाटो में अब भारत करेगा अमेरिका की कमी पूरी

**नई दिल्ली,18 फरवरी।** नाटो देश ने भारत की ताकत को स्वीकार कर लिया है। ग्रीस ने भारत से अपील की है कि भारतीय सेना और नेवी अब ग्लोबल लेवल पर ज्यादा सक्रिय भूमिका निभाए। ऐसे में ये सवाल उठने लगे हैं कि क्या भारत अब सुपर पावर बनने की ओर बढ़ रहा है? दरअसल, दुनिया में सत्ता संतुलन लगातार बदल रहा है। अमेरिका, रूस और चीन जैसी महाशक्तियों के बीच अब भारत नए दावेदारी के साथ उभर रहा है। हाल ही में ग्रीस के रक्षा मंत्री निकोश डियास भारत आए और उन्होंने एक ऐसा बयान दिया जिसने सभी का ध्यान खींच लिया। उन्होंने कहा कि भारत अब एक बड़ी ताकत बन चुका है। उसे ग्लोबल सिक्योरिटी में शामिल किया जाना चाहिए। बड़ी भूमिका निभानी चाहिए, खास तौर पर मेडिटरेनियन सी और रेड सी के क्षेत्र में जहां दुनिया का 60 से 70% व्यापार होता है। मेडिटरेनियन और रेड सी दुनिया के सबसे अहम व्यापारिक समुद्री रास्तों में से एक है। 60 से 70 % इंटरनेशनल ट्रेड इसी रूट से होकर गुजरता है। अमेरिका, रूस और चीन पहले ही यहां अपनी नेवल फोर्स तैनात कर चुके हैं। मिलिट्री बेस स्थापित कर यह देश अपनी ताकत बढ़ा रहे हैं। अमेरिका, रूस और चीन की मौजूदगी यहां पहले से ही है।

अमेरिका और ब्रिटेन का यहां नाटो के तहत कई मिलिट्री बेस मौजूद है। रूस सीरिया में अपनी मजबूत स्थिति बन चुका है। चीन जिबूती में अपनी नेवल बेस बना चुका है और इस क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा है। चर्चा होने लगी है कि ट्रंप अपने फैसलों से नाटो गठबंधन को खत्म कर रहे हैं। इसके साथ ही बुधवार को दुबई में ट्रंप और पुतिन की मुलाकात से यूक्रेन को बाहर रखने पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। माना जा रहा है कि ट्रंप रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों को मान्यता देकर यूक्रेन को खाली हाथ रख सकते हैं। यही वजह है कि यूक्रेन बेहद डरा हुआ है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका और बाइडन प्रशासन ने कभी भी उनके देश को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के एक सदस्य के तौर पर नहीं देखा। जेलेंस्की ने शुक्रवार को म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में यह बात कही। वह बाद में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस से मुलाकात कर सकते हैं। विभिन्न पर्यवेक्षकों विशेष रूप से यूरोपीय पर्यवेक्षकों को उम्मीद है कि वेंस इस सप्ताह ट्रंप और रूसी नेता व्लादिमीर पुतिन के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद बातचीत के माध्यम से युद्ध के समाधान के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विचारों पर कुछ प्रकाश डालेंगे।

## हुडको ने भारत सरकार को सौंपा 307.79 करोड़ का लाभांश

**नई दिल्ली,18 फरवरी।** केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने हुडको के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि कंपनी भारत के शहरी परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, और सतत् आवास समाधान एवं शहरी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में इसका योगदान सराहनीय है. हुडको की प्रतिबद्धता 'सभी के लिए आवास' और विश्वस्तरीय शहरी बुनियादी ढांचे के सरकार के विजन को साकार करने में सहायक है. केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने यह बात केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल को हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय कुलश्रेष्ठ द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 307.79 करोड़ रुपए का अंतरिम लाभांश चेक सौंपे जाने पर कही. इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के अलावा अतिरिक्त सचिव एसपी सिंह, हुडको के निदेशक (कॉरपोरेट प्लानिंग) एम. नागराज और निदेशक (वित्त) दलजीत सिंह खत्री भी उपस्थित रहे.



केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के गतिशील नेतृत्व में, हुडको ने मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दिखाया है, जिससे देशभर में आवास और शहरी विकास परियोजनाओं को सतत समर्थन मिलता रहा है. हुडको ने न केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आवास परियोजनाओं के वित्त पोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, बल्कि प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को भी सहयोग दिया है, जिससे शहरी विकास को गति मिली है. तोखन साहू ने आगे कहा कि सतत और समावेशी शहरीकरण पर निरंतर ध्यान केंद्रित करते हुए, हुडको सरकार के महत्वाकांक्षी शहरी विकास लक्ष्यों को पूरा करने में एक प्रमुख भूमिका निभा रहा है. यह लाभांश भुगतान हुडको की उत्कृष्ट संचालन क्षमता और भारत के शहरी विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

## अलग-अलग हादसों में दो की मौत

**रायगढ़/बलौदाबाजार,18 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. प्रदेश के दो जिलों में भीषण सड़क हादसा हुआ है. दर्दनाक हादसों में दो लोगों की मौत हो गई है. घटना से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है. छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है. भाटापारा- निपनिया मार्ग में तेज रफ्तार अनियंत्रित हाइवा ने सड़क पार कर रही महिला को रौंद दिया. महिला की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया है. मामला भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र के ग्राम कडार का है. जानकारी के मुताबिक, भाटापारा-निपनिया मार्ग पर एक हाइवा तेजी से आ रही थी. इस दौरान हाइवा अनियंत्रित होकर सड़क पार कर रही महिला को रौंद दिया. दर्दनाक हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई. घटना से नाराज लोगों ने मार्ग पर चक्काजाम कर दिया. मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति नियंत्रित करना शुरू कर दिया है. ग्रामीण मांग कर रहे हैं कि रफ्तार पर लगाम लगाई जाए. इसके साथ ही मृतक के परिजनों को तत्काल मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं.

दूसरा बड़ा हादसा रायगढ़ शहर से लगे काशीराम चौक पर हुआ है. यहां तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया. दुर्घटना में एक की मौत हो गई. वहीं एक घायल हुआ है. गुस्साये लोगों ने मौके पर सड़क जाम कर दिया. कुछ लोग गाड़ी पर पथराव करने लगे. पुलिस के रोकने पर भीड़ और भड़क गई. मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने वाहन के चक्के में दबे मृतक के शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. वहीं घायल युवक को मेडिकल कॉलेज इलाज के लिए भेजा गया है. जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है. पुलिस ने हाइवा को जब्त किया है.

### बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात के असर से शुरू हुई बारिश

**नईदिल्ली,18 फरवरी।** बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। इसके चलते आज कई राज्यों में सुबह हुई बारिश से मौसम पलट गया है।इसके साथ ही कुछ जगह कोहरा भी देखने को मिल रहा है, जिससे जाती हुई सर्दी फिर से लौट आई है। इसके अलावा आज कई जगह बादल छाए रह सकते हैं।20 फरवरी तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा और तापमान में गिरावट के कारण ठंड़ एक बार फिर जोर पकड़ेगी।राजस्थान में पिछले कुछ दिनों से बढ़ रहे तापमान पर आज ब्रेक लग गया।

एक नजर

## निगम भिलाई एवं रिसाली के कुछ क्षेत्रों में जलआपूर्ति बाधित रहेगी

**भिलाईनगर, 18 फरवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई के 66 एम.एल.डी. जलशोधन संयंत्र के नगर निगम भिलाई क्षेत्र में स्थित उच्च स्तरीय जलागार को भरने वाली राईजिंग पाईप लाईन यातायात पुलिस थाना नेहरू नगर के पीछे लिकेज हो गया है। जिसके संधारण हेतु 66 एम.एल.डी. जलशोधन संयंत्र में शट्डाउन की आवश्यकता है। पाईप लाईन लिकेज का संधारण कार्य 19.02.2025 को सुबह 9:30 बजे से किया जाएगा। जिससे दिनांक 19.02.2025 को शाम की पाली में फरीद नगर एवं स्मृति नगर तथा दिनांक 20.02.2025 एवं 21.02.2025 को नगर निगम भिलाई के नेहरू नगर, स्मृति नगर, फरीद नगर, स्लाटर हाउस, खम्हरिया एवं नगर निगम रिसाली के रूआबांधा, नेवई, मरोदा, रिसाली उच्च स्तरीय जलागारों में जलप्रदाय पूर्णतः बाधित रहेगी। लीकेज संधारण का कार्य पूर्ण होने पर पूर्व की भांति पेयजल आपूर्ति चालू कर दी जायेगी।

## साईं बाबा मंदिर में चोरी

**भिलाईनगर, 18 फरवरी।** न भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र के शिर्डी साईं बाबा मंदिर में चोरी हुई अज्ञात आरोपित ने दानपेटी के साथ ही अनुदान में मिले 56 हजार 750 रुपये नकद और एक चांदी का छत्र चोरी कर लिया घटना की शिकायत पर स्मृति नगर चौकी पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी पतासाजी शुरू की है मंदिर के पुजारी निताई चांद चक्रवर्ती ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है शिकायतकर्ता 14 फरवरी की रात को मंदिर का दरवाजा बंद कर घर चला गया था अगली सुबह सात बजे वह मंदिर पहुंचा तो उसे दरवाजे का ताला टूटा मिला अंदर जाकर देखने पर दानपेटी खुली थी और उसमें का पूरा चढ़ावा और प्रतिमा के पीछे रखे अनुदान मिली राशि भी नहीं थी साथ ही साईं बाबा की प्रतिमा के ऊपर टंगा चांदी की छत्र भी गायब था चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 75 हजार रुपये आकी गई है।

## धर्मांतरण पर बवाल,3 गिरफ्तार



**भिलाईनगर, 18 फरवरी।** दुर्ग जिले के अमलेश्वर थाना क्षेत्र धर्मांतरण को लेकर जमकर बवाल हुआ जिसके बाद पुलिस ने 3 आरोपीयों को गिरफ्तार किया है अमलेश्वर में धर्मातरण के मुद्दे पर हिंदू संगठनों ने जमकर बवाल किया उन्होंने एक विशेष समुदाय के लोगों पर धर्मातरण कराने का आरोप लगाते हुए उसके घर को घेर लिया था वहीं सभी ने हनुमान चालीसा का पाठ भी किया पाटन एसडीओपी अनुप लकड़ा ने बताया कि अमलेश्वर निवासी ने धर्मातरण कराने को लेकर निवासी डॉ. विनय साहू, कृष्णकांत कुरें और ढाल सिंह साहू पर आरोप लगाते हुए शिकायत की डॉ. विनय साहू ने अपने घर में प्रार्थना सभा का आयोजन किया था इस सभा में ईसाई धर्म से जुड़े दो अन्य लोगों को लेकर पहुंचा था वे लोग प्रार्थना सभा में हिंदू देवी देवाओं को छोटा बताकर अपने प्रभु का बखान कर रहे थे और लालच देकर धर्म परिवर्तन करने के लिए लोगों पर दबाव पुलिस बल को वहां भेजा।

## एक ही जमीन कई लोगों को बेची,दो गिरफ्तार



**भिलाईनगर, 18 फरवरी।** भिलाई कूटरचित दस्तावेज के आधार पर एक ही जमीन को 7 लोगों बिक्री करने वाले गिरोह का स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने पर्दाफाश कर तथाकथित जीजा- साली को गिरफ्तार किया है भिलाईनगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि साधना देवी एवं एस. देवी निवासी ने सूचना दी कि ग्राम कोहका स्थित जमीन खसरा नं. 3310/06,07 को कन्हैया शर्मा ने अपने साथी के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से अपनी स्वयं की डेढ़ सास के. रजनी रत्नम एवं अन्य एक महिला को साधना देवी एवं एस. देवी बनाकर उसके ग्राम कोहका स्थित जमीन को श्रीमती संतोष खण्डूजा के पास बिक्री कर दिया था मामले में स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने में धारा 419, 420, 467, 468, 471,120 बी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की तलाश एवं गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर तथाकथित साधना देवी एवं कन्हैया शर्मा को खुर्सीपार में जाकर दबिश दी गयी,लेकिन आरोपी मौके से फरार मिले वहीं तकनीकी जानकारी प्राप्त कर उनके मायके अहिवारा वार्ड 06 थाना नंदिनी में दबिश दी गई, जहां पर कन्हैया लाल ( 67 साल ) सुन्दर भवन के पास खुर्सीपार जिला दुर्ग एवं श्रीमती रजनी रत्नम (59 साल ) निवासी म.नं. 30/सी सड़क 30 जोन 02 खुर्सीपार को पकड़कर पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किया।।

## धर्मेंद्र बंजारे जीते



**उतई,18 फरवरी।** ग्राम डूमरडीह के युवा नेता धर्मेंद्र बंजारे को मिली बड़ी जीत श्री बंजारे हमेशा ग्राम एवं समाज के विकास में अपना योगदान दे रहे है।

# जिला पंचायत चुनाव में भी बीजेपी ने परचम लहराया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 18 फरवरी।** कबीरधाम जिला पंचायत चुनाव में पंचायत-9 से सुमित्रा पटेल , जिला पंचायत से दस से कैलाश चंद्रवंशी , जिला पंचायत ग्यारह से वीरेंद्र साहू , जिला पंचायत बारह से रोशन दुबे ओर जिला पंचायत तेरह से राजेंद्र राजकुमारी साहू ओर जिला पंचायत चौदह से ईश्वरी साहू ने जीत दर्ज की ।

पीएम मोदी की गारंटी और महतारी वंदन योजना और डिप्टी सीएम विजय शर्मा और पंडरिया विधायक भावना बोहरा के विकास कार्यों पर जनता ने जीत की मुहर लगाई ।

अध्यक्ष के नाम की चर्चा भी शुरू हो गई है और कई जिला पंचायत चुनाव बीस तारीख को होने वाला है और कई ओर भी दावेदारी कर सकते है जिसकी चर्चा सुबह सुबह चाय दुकान पर होती हुई दिखी ।

## जनपद क्रमांक दस में बबीता चंद्रवंशी का धुंआधार जनसंपर्क



**कवर्धा, 18 फरवरी।** जनपद क्रमांक दस में सारंगपुरकला , लोहझरी , भरेली, ख़रहट्टा, गडईकला , कारेसरा में जनसंपर्क के दौरान बीजेपी अधिकृत प्रत्याशी बबीता चंद्रवंशी ने कहा की बुजुर्गों , माताओं और दीदी का आशीर्वाद मिल रहा है और किसान भाइयों ओर बहनों का समर्थन मिल रहा है । बबीता चंद्रवंशी जनसंपर्क के दौरान बुजुर्गों , माताओं , दीदी और बहनों का पांव छूकर आशीर्वाद लेती हुई दिखी ।गांवों में हॉस्पिटल , शिक्षा , अच्छी सड़क निर्माण ओर सर्वांगीण विकास पर फोकस रखूंगी । शासन की योजनाओं का लाभ सभी परिवार तक पहुंचे जिस पर हमेशा ध्यान दूंगी । युवाओं को रोजगार मिले जिसके लिए विशेष ध्यान दूंगी ।

## सड़कों की तस्वीर बदलना मेरी प्राथमिकता:छैली चंद्रवंशी



**कवर्धा ,18 फरवरी।** छैली सुरेन्द्र चंद्रवंशी ने जनपद क्रमांक 6 से जितने के बाद तरुण छत्तीसगढ़ से कहा की सड़के खस्ताहाल है और सड़को की तस्वीर बदलनी मेरी प्राथमिकता है । जनता को दिल से धन्यवाद ओर आभार व्यक्त करती हूं । गांवों में रोजगार ओर अच्छी शिक्षा ओर मेडिकल सुविधा अच्छे से मिले जिस पर भी फोकस रखूंगी । बच्चे , युवा , महिलाएं , किसान , बुजुर्ग अच्छे से सड़क पर यात्रा कर सके ऐसी सुंदर सड़क बनाने का सार्थक प्रयास करूंगी ।

## खोपली की प्रथम नागरिक बनी मंजू फत्ते वर्मा



**उतई,18 फरवरी।** ग्राम पंचायत खोपली में दूसरी बार ऐतिहासिक जीत दर्ज की खोपली के श्रीमती मंजू फत्ते लाल वर्मा ने ,पूर्व सरपंच श्री फत्ते लाल वर्मा की धर्म पत्नी है।श्री वर्मा पूर्व सरपंच थे ।विगत कई वर्षों से ग्राम पंचायत खोपली में कोई प्रत्याशी दुबारा सरपंच पद पर जीत हासिल नही की है।यह एक बेमिसाल जीत है महिला सरपंच के लिए जो दूसरी बार जनता के द्वारा चुनी गई और गांव के विकास के लिए कार्य को अपनी पहली प्राथमिकता देती है।

## स्कूटी सवार से मारपीट,मोबाइल लूटा,4 गिरफ्तार



**भिलाई, 18 फरवरी।** भिलाई बीती रात आधा दर्जन बदमाशों ने मिलकर एक स्कूटी सवार का रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट के बाद उसका मोबाइल लूटकर फरार हो गए। इस मामले में पुरानी भिलाई पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है पुरानी भिलाई टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि शिवाजी चौक दादर रोड चरोदा बस्ती निवासी अभिषेक ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह अपने पिता के साथ मोमोस दुकान में काम करता है। करीब 15-20 दिन पहले करन गुप्ता अपने साथियों के साथ प्रार्थी के घर पहुंचा, जहां अजीत सोलंकी के साथ दोस्ती रखने पर जान से मारने की धमकी दी। इस पर उसने अजीत से मेलजोल बंद कर दिया। रविवार रात उसके पिता ठेला दुकान बंद कर घर चले गए। जबकि वह डेली निड्स दुकान में सामान लेने रूक गया। सामान लेने के बाद स्कूटी से घर जा रहा था। रात करीब 11.45 बजे बिजली ऑफिस दादर रोड चरोदा के पास पहुंचा था कि रास्ते में करन गुप्ता, मौसम वर्मा, प्रिसं सिंदे, प्रदीप सोलंकी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसकी स्कूटी रुकवा ली। इसके उसके साथ हाथ-मुक्का व बेल्ट से मारपीट शुरू कर दिया। उसके चोटिल होने के बाद आरोपीगण उसका मोबाइल लूट कर अपने साथ ले गए। इस बीच परिजनों को घटना की जानकारी होने पर उनके साथ जाकर थाने में शिकायत दर्ज करा दी। इस मामले में पुलिस आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 126(2), 296, 3(5), 309(6), 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। इस प्रकरण में पुलिस ने नामजद आरोपी करन गुप्ता, मौसम वर्मा, प्रिंस सिंदे, प्रदीप सोलंकी को गिरफ्तार कर लिया है

## सेल स्टील प्लांट कांट्रेक्टर एसोसिएशन के सर्वसम्मति से अध्यक्ष बने कादर

**भिलाई।** सेल स्टील प्लांट कांट्रेक्टर एसोसिएशन की आमसभा सोमवार की सुबह भिलाई निवास कॉफी हाउस में हुई। इस दौरान एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी सर्वसम्मति से चुन ली गई। जिसमें नए प्रेसीडेंट के तौर के. ए. अब्दुल कादर को फिर से जवाबदारी दी गई। आमसभा में सेल-भिलाई स्टील प्लांट से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान ठेका पद्धति से जुड़ी मैनेजमेंट की नीतियों पर कांट्रेक्टर ने रोष जताया और आरोप लगाया कि छोटे-छोटे कांट्रेक्ट खत्म कर बड़े कांट्रेक्ट दिए जा रहे हैं, इससे भविष्य में छोटे कांट्रेक्टर के सामने काम का संकट आ जाएगा। सुबह शुरू हुई आमसभा में कोरम पूरा होने के बाद नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव की कार्यवाही शुरू की गई। जिसमें सर्वसम्मति से उपस्थित सदस्यों ने विभिन्न पदों के लिए जवाबदारी दी। नए अध्यक्ष के . ए. अब्दुल कादर बनाए गए। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष जगन्नाथ मुखर्जी, महासचिव सीके मोहन, कोषाध्यक्ष के. तुलसीधरन पिल्लई, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट वी.एस. त्रिपाठी, वाइस प्रेसीडेंट के. ए. अंसार, आरएस कुरुप, उपमहासचिव संजय गुप्ता, एनपी मिश्रा, एजाज खान और मनीष शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य ऋषभ पाल, अजय श्रीवास्तव, आर. यादव, किशोर, के. विजय कुमार, संतोष किरोडकर, मोहन, बीएमएस जयेश, आसिफ खान, सरफराज, सिग्मा, जुल्फिकार अली और के. थंगराज शामिल किए गए हैं। सर्वसम्मति से निर्वाचित पदाधिकारियों ने एसोसिएशन के सदस्यों के प्रति आभार जताया और कांट्रेक्टर के हित में सक्रिय रहने का भरोसा दिलाया। बैठक में सेल-भिलाई स्टील प्लांट से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। सदस्यों का कहना था कि जिस तरह छोटे-छोटे ठेके खत्म कर बड़े पैकेज बनाए जा रहे हैं, इससे छोटे ठेकेदारों के सामने रोजी-रोजी का संकट आ जाएगा। पदाधिकारियों ने कहा कि बीएसपी मैनेजमेंट इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। इससे सभी कांट्रेक्टर का काम प्रभावित हो रहा है।

## दो वार्डों में 21 लाख के काम शुरू



**जामुल,18 फरवरी।** नगर पालिका परिषद जामुल में विकास कार्यों का गति काफी तेजी से चल रहा है । इसी तारतम्य में वार्ड क्र. 04 एवं वार्ड क्र. 05 में 21 लाख रूपये की लागत से नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने विकास कार्य प्रारंभ करवाया । गौरतलब हो कि नगर पालिका जामुल में लगभग विभिन्न वार्डों में हर प्रकार के कार्य हो रहे हैं । नपा अध्यक्ष श्री ठाकुर ने बताया कि सभी प्रकार से प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति पश्चात हमारे नगर पालिका जामुल में सभी जनप्रतिनिधि गण एवं आम जनता के आवश्यकतानुसार कार्य हो रहे हैं । आज जो कार्य प्रारंभ हुआ उसमें वार्ड क्र. चार में सीमेंटीकरण चार लाख रूपये के लागत से एवं वार्ड क्र. पांच में सत्रह लाल पचास हजार रूपये के लागत से नाला निर्माण होगा । उक्त कार्य प्रारंभ होने के समय पार्षद दीपक गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमन्त देवांगन सहित वार्डवासी उपस्थित थे ।

## मुख्य नपाधिकारी ने सफाई का निरीक्षण किया



**जामुल,18 फरवरी।** नगर पालिका जामुल में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमति सीमा बक्शी ने सुबह ही वार्ड क्र. 01 एवं 02 में चल रहे सफाई कार्य का औचक निरीक्षण किया । कार्य की स्थिति को देखकर काफी नाराजगी जाहिर की और मौके पर ही फील्ड सुपरवाईजरों को जमकर फटकार लगाई और कहा कि मुलभूत कार्य किसी भी निकाय का प्रमुख कार्य है । इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या शिकायत बर्दाश्त नहीं की जायेगी । सफाई कार्य को संबंधित प्रभारी गंभीरता से ले । साथ ही फील्ड सुपरवाईजरों को सख्त चेतावनी दी की जहां पर भी सफाई कार्य हो रहे या जिस भी वार्ड में हो संबंधित जनप्रतिनिधियों को अवगत कराये । सुबह निरीक्षण के समय फील्ड सुपरवाईजर बशीर खान, रमेश मारकण्डेय सहित सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति को मिला मध्य क्षेत्र का प्रथम पुरस्कार




**भिलाई।** राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सोमवार 17 फरवरी को जयपुर प्रदर्शनी एवं समारोह केन्द्र जे.ई.सी.सी. सीतापुरा, जयपुर, राजस्थान में आयोजित उत्तर-1, उत्तर-2 तथा मध्य एवं पश्चिम क्षेत्रों के %संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह' में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग को वर्ष 2023-24 के लिए मध्य क्षेत्र का %नराकास राजभाषा, सम्मान' प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि माननीय भजन लाल शर्मा मुख्यमंत्री, राजस्थान के करकमलों द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग की ओर से यह पुरस्कार कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन, भिलाई इस्पात संयंत्र पवन कुमार ने ग्रहण किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने महाप्रबंधक संपर्क व प्रशासन, जनसंपर्क एवं प्रभारी राजभाषा, भिलाई इस्पात संयंत्र सौमिक डे को सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग, के रूप में सराहनीय कार्यों के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र की ओर से महाप्रबंधक संपर्क व प्रशासन एवं जनसंपर्क, अमूल्य प्रियदर्शी एवं उप प्रबंधक संपर्क व प्रशासन राजभाषा जितेन्द्र दास मानिकपुरी भी उपस्थित थे। भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा देश भर के उपक्रमों, प्रतिष्ठानों एवं विभागों में समस्त कार्यालयीन कामकाज राजभाषा हिंदी में किया जाना सुनिश्चित करने तथा केन्द्र सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन हेतु पूरे भारत के विभिन्न नगरों में कुल 537 नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन किया गया है। मध्य क्षेत्र में कुल 57 नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियाँ हैं, जिनमें से वर्ष 2023-24 के लिए मध्य क्षेत्र का %नराकास राजभाषा, सम्मान' प्रथम पुरस्कार भिलाई-दुर्ग के नराकास को प्रदान किया गया है। पुरस्कार प्राप्ति पर निदेशक प्रभारी भिलाई इस्पात संयंत्र एवं अध्यक्ष नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग अनिर्बान दासगुप्ता ने बधाई दी है तथा इसे समिति के सभी सदस्य संस्थानों के हिंदी के प्रति अनुराग, समर्पण, राजभाषा नीति का अनुपालन एवं हिंदी में समस्त कार्यालयीन कार्य करने की प्रतिबद्धता का परिणाम बताया है।

## छत्तीसगढ़ पुलिस महानिदेशक को बाबा की बारात का आमंत्रण दिया सिंह ने

**भिलाई।** आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन भारत में सबसे भव्य तरीके से मनाये जाने वाले बाबा की बारात का आमंत्रण बोल बम सेवा समिति के अध्यक्ष दया सिंह ने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम को प्रदान किया। इस दौरान दया सिंह ने डीजीपी को इस बारात की पूरी तैयारियों को विस्तृत रूप से जानकारी दी और बताया कि हमारी समिति द्वारा लगातार पिछले 16 साल से बाबा की बारात निकाली जा रही है और इस साल 17 वां साल है और हर साल इसकी भव्यता बढते ही जाती है। बाबा की बारात की जब पूरी जानकारी दया सिंह ने डीजीपी का बताया तो उन्होंने दया सिंह व समिति की भूरि भूरि प्रशंसा की। श्री सिंह ने डीजीपी को बताया कि इस बार बाबा के बारात में शामिल होने के लिए राज्यपाल,विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह,डिप्टी सीएम अरूण साव, दुर्ग रेंज क आईजी रामगोपाल गर्ग, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला सहित प्रदेश के अन्य बडी बडी हस्तियों को आमंत्रण कार्ड देक इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## दिब्या कलिहातरी ने किया सघन जनसम्पर्क



**उतई,18 फरवरी।** पाटन विधानसभा।जिला पंचायत सदस्य क्षैत्र क्रमाक 9 पाटन से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी श्रीमतीं दिब्या कलिहारी ने मंगलवार की सुबह सुबह ग्राम ढौरए पहंडोर ए घूघवा में नुक्क? सभा लेकर ग्रामीणो से घर घर जाकर मुलाकात कर उगता सूरज छाप पर वोट देने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने कहा की आज आप अपने आप को प्रत्यासी मानकर कार्य करे।

## दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कोलिहापुरी मतदान केन्द्र में सपरिवार जाकर किया मतदान



**भिलाईनगर, 18 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अन्तर्गत आज मतदान हुआ।दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अपने गृह ग्राम कोलिहापुरी के बूथ क्रमांक 36 शासकीय प्राथमिक शाला मतदान केंद्र पहुंचकर परिवार सहित लाइन में खेड़े होकर मतदान किया। लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर जनतंत्र को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान विधायक ललित चंद्राकर ने कहा मतदान देश हित के लिए राष्ट्र निर्माण के लिए विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए। सभी मतदाताओं से अपील करता हूँ कि अपने अमूल्य वोट का अवश्य प्रयोग करें! इस दौरान घर्मपत्नी मीनाक्षी चंद्राकर, भतीजी मुस्कान चंद्राकर, हिमानी चंद्राकर प्राची चंद्राकर, चन्द्रशेखर चंद्राकर जय चंद्राकर ने वोट डाला। ===== भिलाई में ठगों ने नये तरीके से महिला मजदूर को ठगे चालिस हजार भिलाई। लगातार हो रही ठगी के कारण जनता जिस प्रकार जागरूक होते जा रही है तो ठग भी अपना ठगी का पैंतरा बदल बदलकर नये तरीके से ठगी करने का काम कर रहे है। यदि थोड़ा सा सचेत हो जाये तो लोग खासकर महिलाएं ठगी से बच सकती है। नगर में सोमवार को ठगों ने इसी प्रकार के एक नये तरीके से एक मजदूर महिला से चालिस हजार की ठगी को अंजाम दे दिये। भिलाई में एक महिला मजदूर को नोटों के बंडल दिखाकर ठगी का शिकार बनाया । इस नए तरीके के तहत दो ठगों ने महिला को 500-500 रुपए के नोट की बंडल दिखाकर लालच दिया और पहने हुए गहने उतरवा लिए । जब महिला नोट गिनने लगी, तो ऊपर असली नोट थे, लेकिन बाकी नकली नोट थे। घटना स्मृति नगर चौकी इलाके की है। सुपेला पुलिस ने बताया कि प्रार्थी धनेश्वरी साहू पति स्व. कामता राम साहू उम्र 50 वर्ष निवासी पॉच रास्ता आर्य सामाज के पास पुराना बस्ती की रहने वाली है। क्रासरोड रेस्टोरेंट कोहका जुनवानी रोड में रोजी मजदूरी का काम करती है। रोजाना की तरह धनेश्वरी 15 फरवरी के शाम को वापस अपने घर पैदल पैदल जा रही थी। शाम करीबन 05-30 बजे चर्च रोड अयप्पा नगर भिलाई पहुंची थी। उसी समय दो अज्ञात युवक धनेश्वरी से मिले और बोले कि बिलासपुर जाने का रास्ता बता दीजिए। धनेश्वरी ने दोनों युवकों से कहा कि गलत रोड मे आ गये उन्हें सही रास्ता बताने का प्रयास किया इसी दौरान युवकों के द्वारा धनेश्वरी को एक बंद खाकी रंग की पोटली में ऊपर 500/-रू की नोट को दिखाकर सभी 500/-रू के नोट की गड्डी है दिखाकर विश्वास लिया इसके बाद बातों में उलझा कर दोनों ही तो के द्वारा धनेश्वरी द्वारा गले में पहने 4 पत्ती सोने का माला एवं कान मे पहने सोने के टॉप्स को निकलवाकर ले लिया और उस नोट वाली बंद पोटली को धनेश्वरी को थमा दिये थे। जिसे मै घर जाकर खोल कर देखी तो उस पोटली के अंदर सबसे ऊपर 500/-रू का एक नोट तथा उसके नीचे कागज भरा हुआ था। उक्त अज्ञात दो व्यक्तियो के द्वारा 500/-रू के नोटो की गड्डी है दिखाकर छलपूर्वक धनेश्वरी द्वारा पहने हुए सोने के जेवरात कीमती 40000/-रू को ले ठगी किये है। धनेश्वरी की रिपोर्ट पर से स्मृति नगर पुलिस के द्वारा अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 318(4),3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## भिलाई नगर निगम में बनाया जा रहा है पेवर ब्लॉक

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र का सीएनडी वेस्ट का उपयोग करने के लिए पेवर ब्लैक बनाया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 6 प्रियदर्शनी परिसर में विध्वंस कचरा जिसमें निर्माण कचरे में सीमेंट का चूरा, ईटा, गिट्टी रहता है। उसमें कुछ सीमेंट और बालू मिला करके पेवर ब्लॉक बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस प्लांट की क्षमता 6 टन है। प्रतिदिन, 400 से 500 पेवर ब्लॉक बनेंगे। स्वसहायता समूह की महिलाओं को प्रेरित करके, उन्हें मशीन उपलब्ध कराया गया है। जिसके माध्यम से वे पेवर ब्लॉक बना रही हैं। यह पेवर ब्लॉक नगर निगम भिलाई के विभिन्न क्षेत्रों में लगाए जाएंगे। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय का कहना है, कि हमारे निगम में सभी क्षेत्रों में पेवर ब्लॉक की आवश्यकता पड़ती है।

## भाजयुमो अध्यक्ष ने हल्दी चढ़ने के बाद डाला वोट





**उतई,18 फरवरी।** भाजयुमों अध्यक्ष उतई मंडल प्रवीण यदु ने हल्दी चढ़ने के बाद डाला वोट त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अपने गांव मचांदुर में वोट डाला प्रवीण ने कहा कि मेरा वोट गांव के विकास के लिए। साथ ही ग्राम पंचायत खोपली में मतदाता उत्साह से मतदान करने पहुंचे।

## धोखाधड़ी कर फरार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाईनगर, 18 फरवरी।** भिलाई शेयर मार्केट के नाम पर 2.75 करोड़ रुपए की धोखाध?ी करने वाले 5 वर्षो से फ्तार चल रहे आरोपी को सुपेला पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है सुपेला थाने पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420ए467ए468ए471 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि 8 जून 2020 को परिवादी प्रणय कुमार गांगुली पुत्र प्रफुल्ल कुमार निवासी मकान नम्बर 8 सड़क नम्बर 5ए स्टील कॉलानी नेहरू नगर ने पुलिस थाना सुपेला में एक रिपोर्ट पेश किया कि 15 जनवरी 2019 में एशियन पेन्ट कम्पनी में आरटीए टीएसआर डीएआरएसएचएडब्लू मुम्बई से प्रार्थी से पत्राचार किया था। चूंकि प्रार्थी कानपुर से भिलाई आकर रहने लगाए जिस कारण समयावधि में पत्र नहीं मिल सका। जिसका फायदा उठाकर आरोपी विमल कुमार शाह ने कूटरचित दस्तावेज के माध्यम से शेयर को अपने नाम करवाने के लिए आरओसी जयपुर के माध्यम से स्थानान्तरण के लिए 70 लाख शेयर खरीदना बताकर स्थानान्तरण के लिए प्रकरण पेश किया है जबकि प्रवण कुमार गांगुली को किसी प्रकार से रकम किसी भी माध्यम से नहीं दी गई।

## एक नजर

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर ग्राम पंचायत इंदामरा के सचिव निलंबित

राजनांदगांव 17 फरवरी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत इंदामरा के सचिव श्री जंगलूराम यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार श्री जंगलूराम यादव द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन तथा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के कार्य में लापरवाही बरतने के कारण निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री यादव को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी तथा उनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत राजनांदगांव निर्धारित किया गया है।

### डॉ. सुरभि मोहबे सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की मिली सौगात

**राजनांदगांव, 15 फरवरी।** नगर की आम जनता सहित जिले वासियों को स्वास्थ्य सेवा के



क्षेत्र में एक बड़ी सौगात डॉ . सुरभि मोहबे सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के रूप में 15 फरवरी से प्राप्त हो चुकी है । विरासत में मिली स्वास्थ्य सेवा की परंपरा को मोहबे परिवार की बेटी ने आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है । आज पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.चंद्रशेखर मोहबे (मुन्ना भैया) के कर कमलों से हॉस्पिटल का लोकार्पण किया गया। राजनांदगांव नगर की जनता के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज डॉ. सुरभि मोहबे ने कृत संकल्पित होकर नर्सिंग होम की शुरुआत की है। नगर के कंचन बाग स्थित विनायक टॉवर , सन सिटी के समीप आज पूर्वाह्न 11 बजे नगर के वरिष्ठ चिकित्सकों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हॉस्पिटल का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ. सी एस मोहबे (पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी) ने रिबन काटकर विधिवत उद्घाटन प्रक्रिया को संपन्न किया। नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.रमेश मोहबे (एम डी) ने भी हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. सुरभि मोहबे को आशीर्वाद प्रदान किया। नगर में नवीन कॉलोनियों के निर्माण के उपरांत कंचन बाग क्षेत्र में एक अच्छे हॉस्पिटल की मांग बनी हुई थी।

### मंत्रालय महानदी भवन में समीक्षा बैठक आयोजित

# डेयरी विकास से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई गति, किसानों की बढ़ेगी आय:सीएम साय

- राज्य सरकार पशुपालन को बना रही समृद्ध ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़, किसानों की आय दोगुनी करने के लिए उठाए जा रहे ठोस कदम
- राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मार्गदर्शन में तैयार हुआ पायलट प्रोजेक्ट, डेयरी उद्योग को मिलेगी नई दिशा



**रायपुर, 18 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के कहा कि छत्तीसगढ़ में श्वेत क्रांति की तर्ज पर डेयरी उद्योग को सशक्त बनाने और किसानों व पशुपालकों की आय दोगुनी करने की दिशा में राज्य सरकार ने प्रभावी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन को लाभकारी व्यवसाय बनाने और प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (ह्ष्ष्ठक्च) के सहयोग से एक पायलट प्रोजेक्ट तैयार किया गया है, जिसके तहत व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित बैठक में पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि दिसंबर 2024 में राज्य सरकार और ह्ष्ष्ठक्च के बीच हुए समझौते के बाद छत्तीसगढ़ में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की अधिकांश आबादी कृषि से जुड़ी है और अतिरिक्त आय के लिए पशुपालन का कार्य भी करती है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की विशेषज्ञता में तैयार पायलट प्रोजेक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार लगभग 5 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। इस योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 6 जिलों को शामिल किया गया है और सफल क्रियान्वयन के बाद इसे पूरे प्रदेश में विस्तारित किया जाएगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती, पोषण अभियान को मिलेगा लाभ।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि डेयरी उद्योग के विकास से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इसके साथ ही, प्रदेशवासियों के पोषण स्तर में भी सुधार होगा, जिससे बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव आएगा।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के साथ-साथ, प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता में वृद्धि और सरप्लस दूध के उपयोग को लेकर ठोस कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि दूध उत्पादन से जुड़े किसानों और पशुपालकों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए ताकि वे आधुनिक तकनीकों को अपनाकर अपनी आय को बढ़ा सकें। बैठक में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के चेयरमैन श्री मिनिष शाह ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में प्रतिदिन 58 लाख किलोग्राम दूध का उत्पादन किया जा रहा है।

# अतिक्रमण पर चुनाव के बाद गिरेगी गाज

## मामला ग्राम पंचायत धुसेरा में सामूहिक चुनाव बहिष्कार का

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़/धुसेरा, 18 फरवरी।** आखिरकार ग्रामवासियो की माँग पर नायब तहसीलदार, आर.आई, पटवारी के साथ मौका मुआयना कर शीघ्र अतिक्रमण हटाने को लेकर सहमति देने के बाद त्रिस्तरीय पंचायत के बहिष्कार के निर्णय को ग्रामवासी वापस ले लिए है. ज्ञात हो कि विकासखंड के ग्राम पंचायत धुसेरा में शासकीय भूमि पर गाँव के कई लोगों के द्वारा कब्जा कर पक्का निर्माण करा रहे थे जिसको लेकर ग्रामवासियो के द्वारा अनुविभागीय राजस्व अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंप कर शीघ्र अतिक्रमण हटाने की माँग रखी गई थी और अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया था आख़िरकार सोमवार को ग्राम पंचायत धुसेरा में नायब तहसीलदार मेघा जैन, आर.आई व पटवारी ताजिन्दर पाल भाटिया ग्राम पंचायत पहुँचकर ग्रामीणों को



आश्वत कराया गया कि शीघ्र ही अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जायेगी. आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार करने का निर्णय वापस ले लिया गया है.

### पटवारी को हटाने पर अड़े ग्रामीण

अतिक्रमण हटाने पहुंचे नायब तहसीलदार के समक्ष ग्रामवासियो ने जमकर शिकायत किया गया कि श्रीमती भाटिया अपने कर्तव्यों का पालन नियमानुसार नहीं करती है ऐसे पटवारी को तत्काल हटाने की माँग की. श्रीमती जैन ने इसकी पुष्टि करते बताया कि ग्रामवासियो की माँग पर शीघ्र अन्य पटवारी को प्रभार दिया जायेगा.

### ड्राई डे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में शराब बेचना पड़ा महंगा

**कोरबा 18 फरवरी।** प्रतिबंध के बावजूद ड्राई डे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मतदान के दिन शराब बेचना ,पिलाना भारी पड़ गया। पताढ़ी लैंको गेट के सामने स्थित ढाबा को प्रशासन ,पुलिस,आबकारी की टीम ने सील कर दिया है। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । नायब तहसीलदार बरपाली के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई से हड़कम्प मच गया है। जिले में कलेक्टर अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती आशा सिंह के मार्गदर्शन में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर सोमवार को प्रथम चरण के मतदान दिवस हेतु लागू शुष्क दिवस (ड्राई डे )में पताड़ी लैंको गेट स्थित सुभाष ढाबा में शराब बेचने और पिलाने की शिकायत मिली।

## समाचार संक्षेप

### युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों एवं दिव्यांग मतदाताओं में दिखा जबरदस्त उत्साह





**राजनांदगांव 17 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत 17 फरवरी को प्रथम चरण का जनपद पंचायत राजनांदगांव के सभी मतदान केन्द्रों में मतदान किया गया। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों एवं दिव्यांग मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व में जबरदस्त उत्साह के साथ मतदान कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके साथ ही बारात के पहले दूल्हा और नवविवाहित जोड़ें ने भी मतदान कर अपनी खुशी जाहिर की। बुजुर्ग मतदाताओं ने बड़े उत्साहपूर्वक व्हील चेयर में बैठकर वोट किया। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को ग्रामीण क्षेत्रों में त्यौहार की तरह मनाया गया। ग्रामीण मतदाताओं ने पूरी ऊर्जा के साथ जिला पंचायत सदस्य से लेकर पंच पद के निर्वाचन में हिस्सा लिया। उत्साहपूर्वक ग्रामीण मतदाताओं ने लोकतंत्र में अपनी सहभागिता निभाई। मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं। लोग शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे और प्रशासन द्वारा की गई बेहतरीन व्यवस्था से मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हुई। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। चुनाव में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों की भागीदारी उल्लेखनीय रही। कई मतदाता पहली बार मतदान कर रहे थे, जिनमें उत्साह साफ झलक रहा था। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए पेयजल, छांव और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई थी।

### मध्यप्रदेश निर्मित अवैध शराब पर डोगरगांव पुलिस ने की कार्रवाई



**डोंगरगांव, 18 फरवरी।** डोंगरगांव पुलिस को ग्राम मोहगांव निवासी सुखबीर हल्बा पिता थानसिंग हल्बा , उम्र- 59 साल, पता- ग्राम मोहगांव , थाना डोंगरगाव, जिला राजनांदगाव , छ0ग0द्वारा अपने घर में रखे अवैध शराब देशी मंदिरा शराब म0प्र0 का निर्मित द्द्वह्यह्यद्धह्वठ्ठ देशी मदिरा प्लेन शराब 06 भूरे कार्टन में रखा हुआ , कुल 264 नग पौवा , प्रत्येक में 180 द्वद्य भरा हुआ , कुल जुमला 47520 द्वद्य जुमला कीमती रकम 18480/- रूपये को अवैध रूप से रखा हुआ हैं कि सूचना मिलने पर थाना डोंगरगांव पुलिस विधिवत कार्यवाही करते हुये आरोपी सुखबीर हलबा पिता थानसिंग हल्बा , उम्र- 59 साल, पता- ग्राम मोहगांव , थाना डोंगरगावं, जिला राजनांदगावं , छ0ग0 के घर के तलाशी लिया गया जिस पर अवैध शराब देशी मंदिरा शराब म0प्र0 का निर्मित देशी मदिरा प्लेन शराब 06 पेटी में रखा हुआ , कुल 264 नग पौवा , प्रत्येक में 180 द्वद्य भरा हुआ , कुल जुमला 47520 द्वद्य जुमला कीमती रकम 18480/- रूपये मिला जो आरोपी द्वारा छत्तीसगढ़ में नान ड्यूटी पेड शराब का अवैध रूप से रखना पाये जाने से उक्त शराब को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर मान0 न्यायालय ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया हैं । उक्त कार्यवाही में उपनिरी0 लाभाराम ध्रुव, उपनिरी0 भानुप्रताप यादव, आर0 1433 कौशल सुधाकर, एवं सायबर सेल टीम निरी0 विनय परमार, सउनि द्वारिका लाउत्रे , प्र0आर0 बंसत, आर0 प्रख्याति जैन , आर0 अवध किशोर, अविनाश झां , का विशेष योगदान रहा है।

# भाड़े के कांग्रेसी हुए ऋणमुक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़, नपा चुनाव का परिणाम आने के बाद कांग्रेस पार्टी रिणमुक्त हो गई है. ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव के समय सरेआम टिकट बेचे जाने का अन्य कांग्रेसियों के द्वारा आरोप लगाए गए थे और इस आरोप के बाद बाकायदा कांग्रेस की टिकट की माँग करने वाले कांग्रेस के दावेदार श्रीमती नलिनी मेश्राम ने लिखित रूप से जिला पुलिस अधीक्षक के समक्ष शिकायत की गई थी कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के द्वारा टिकट देने के नाम पर अलग अलग किस्तो में 40 लाख रु देने का आरोप लगाए गए थे. इस आरोप के बाद कांग्रेस के बड़े बड़े नेता बगल झांकते हुए नजर आए थे और इस नपा चुनाव में सरेआम आरोप लगाने वाले उसी प्रार्थी को नपाध्यक्ष के रूप में कांग्रेस के बड़े नेताओं ने इस दावे के साथ अध्यक्ष, पार्षद पद के दावेदारों को इस शर्त के साथ टिकट दिया कि अध्यक्ष पद से लेकर पार्षदों को जीताकर नहीं लाया तो राजनीति से सन्यास ले लूँगा जिसकी चर्चा धर्मनगरी में आग की तरह फैल गई थी और यही कारण माना जा रहा है कि धर्मनगरी की जनता ने ऐसे भ्रष्ट कांग्रेसी नेताओं को सिरे से खारिज करते हुए कांग्रेस के कई जमीनी नेताओं के अंदर यह माँग उठने लगी है कि कांग्रेस के शासनकाल में आकुत रूप से सम्पति अर्जित करने वाले ऐसे नेताओं के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किया जाना चाहिए. चर्चा है कि कांग्रेस के 05 साल के शासनकाल में यह कांग्रेसी नेता अल्प समय में सैकड़ों करोड़ की सम्पति अर्जित कर लिया गया है. ऐसे भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध भाजपा को संज्ञान लेकर कठोर कार्यवाही करना चाहिए. शासन के द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है यह तो आने वाला समय बता पायेगा परंतु इतना जरूर है कि इस चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस के कई आला नेता रिणमुक्त हो गए हैं. इसको लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू से चर्चा करने पर कहा गया कि कांग्रेस के स्थानीय नेताओं की मनमर्जी और उनके आकाओं के दबाव में जिस प्रकार से चुनाव जीतने वाले प्रत्याशी को टिकट नहीं देनें के कारण धर्मनगरी की जनता ऐसे नेताओं और आकाओं को गाल पर कसकर तमांचा मारा गया है.

# गौमाता को पशु सूची से बाहर कर उसे राष्ट्र माता स्वीकारे जाने का प्रस्ताव पारित करें: साईं मसन्द

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सलधा-बेमेतरा, 18 फरवरी।** भारत के पूज्यपाद चारों शंकराचार्यों के नेतृत्व व मार्गदर्शन में कार्यरत भारत सहित एक सौ देशों के धार्मिक व सामाजिक प्रतिनिधियों के संगठन परम धर्म संसद 1008 द्वारा देश में गौ प्रतिष्ठा अभियान चला कर केन्द्र से ग्राम पंचायत तक शासन की सभी इकाइयां से गौमाता को पशु सूची से बाहर कर उसे राष्ट्र माता स्वीकारे जाने का प्रस्ताव पारित करने का अनुरोध किया गया है। यह जानकारी महाशिवरात्रि 26 फरवरी तक बेमेतरा जिले के ग्राम सलधा स्थित सपाद लक्षेश्वर धाम में लिंग पुराण कथा करने पधारे परम धर्म संसद 1008 के परमधर्माधीश पूज्यपाद जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी



महाराज के साथ आए संगठन के संगठन मंत्री, रायपुर निवासी मसन्द सेवाश्रम के पीठाधीश, प्रख्यात देशभक्त संत पूज्य साईं जलकुमार मसन्द साहिब ने दी। उन्होंने कहा कि अंचल से प्रकाशित समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों से ज्ञात हुआ है कि इन दिनों छत्तीसगढ़ में विभिन्न स्तरीय पंचायतों का चुनाव कार्य चल रहा है। उन्होंने इन चुनावों में निर्वाचित होने वाले जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे सभी अपनी-अपनी पंचायतों में गौमाता को पशु सूची से बाहर कर उसे राष्ट्र माता स्वीकारे जाने के प्रस्ताव को प्राथमिकता देते हुए पारित कराने का यशस्वी कार्य करें। उन्होंने आह्वान किया है कि केन्द्र से ग्राम पंचायत तक शासन की सभी इकाइयां अब देश के सर्वोच्च धर्मगुरु पूज्यपाद चारों शंकराचार्यों के मार्गदर्शन में देश में सनातन वैदिक सिद्धांतों पर आधारित शासन स्थापित कर भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने में सहायक बने। साईं मसन्द साहिब जी बताया कि अपने उद्देश्य में सफल होने के लिए प्रथम चरण में लगभग दो वर्षों से गौ प्रतिष्ठा अभियान चला कर देश के 37 करोड़ हिन्दू मतदाताओं को गौ मतदाता बनाने का मजबूत आधार खड़ा किया जा रहा है।

### पुलिस ने की शराब बेचने एवं नशे में धुत आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई

**राजनांदगांव, 18 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं थाना प्रभारी ईशु अग्रवाल (भा0पु0 से0प्रशिक्षु) के नेतृत्व मे थाना



लालबाग क्षेत्रांतर्गत अवैध रूप से शराब बेचने एवं पीने, पिलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने के आदेश पर थाना लालबाग पुलिस द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मददेनजर अभियान के तहत् जरिये मुखबीर सूचना मिला की नया ढाबा रोड किनारे स्कुल के पीछे, फरहद चौंक, ट्रांसपोर्ट नगर, चौक में अवैध शराब बिकी हेतु शराब रखकर ग्राहक की तलाश कर रहा है कि सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहो के घटना स्थल पहुंचकर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपीगण (1) कोमल सिंह चौहान पिता स्व. गोवर्धन सिंह चौहान उम्र 52 साल साकिन ग्राम बागतराई ओपी सुकुलदैहान थाना लालबाग जिला राजनांदगाँव (2) लक्ष्मण साहु पिता स्व. अवध राम साहु उम्र 29 साल साकिन ग्राम मोंहदी ओपी जालबाँधा थाना घुमका जिला राजनांदगाँव (3) जितेन्द्र कुमार वर्मा पिता नीलकठ वर्मा उम्र 35 साल साकिन वार्ड न.14 ग्राम वुरैना ओपी मोहारा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव के कब्जे से कुल 56 पौवा रोमियो देशी प्लेन शराब कीमती 5040 रूपया समक्ष गवाहो के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य धारा 34 (1) आबकारी एक्ट का पाये जाने से थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 69/25,70/25,71/25 कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया।

### दिव्य ज्योति विशेष विद्यालय में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित

**कोरबा 18 फरवरी।** दिव्य ज्योति विशेष विद्यालय, कोरबा में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन कर किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी कला कौशल से गीत संगीत गाकर शिक्षकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रीता क्षेत्रपाल ने बच्चों को शिक्षा को आगे बढ़ाने के साथ-साथ जीविकोपार्जन के लिए भी बालिकाओं को सिलाई कढ़ाई में निपुर्ण होकर जीवन के हर आनंद का लाभ लेने का सुझाव दिया। कक्षा 12वीं के छात्रों ने सांकेतिक भाषा में अपने विचार विद्यालय के प्रति अभिव्यक्त किया।

# विद्यार्थियों को शोध,अनुसंधान के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता: डॉ. ब्रम्हे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 18 फरवरी।** शास.नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम उषा) योजना के तहत नोडल महाविद्यालय शास.दिग्विजय स्वसाशी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के आपसी सहयोग एवं समन्वय तथा महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त के तत्वाधान में शोध प्रविधि विषय पर आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला के चौथे दिवस 12 फरवरी बुधवार को विषय विशेषज्ञ के रूप में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र, भारतीय



अर्थशास्त्र संघ के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ अर्थशास्त्र संघ के अध्यक्ष एवं के विभागाध्यक्ष डॉ. रवीन्द्र ब्रम्हे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभांरम मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। तत्पश्चात विषय विशेषज्ञ डॉ. रविन्द्र ब्रम्हे का महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही.रेवती ने पौधा भेट कर स्वागत किया। कार्यशाला के चौथे दिन पीएम उषा प्रभारी एवं आईक्यूएसी संयोजक डॉ. आर.आर कोचे ने विषय विशेषज्ञ डॉ. रविन्द्र ब्रम्हे का परिचय छात्र-छात्राओं को देते हुये पीएम उषा योजना एवं संचालित कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुये विस्तृत जानकारी दी। विषय विशेषज्ञ डॉ. रविन्द्र ब्रम्हे ने कार्यशाला में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि विद्यार्थीयों को अनुसंधान के प्रति जागरूक होना चाहिए। डॉ. ब्रम्हे ने विद्यार्थियों को शोध अनुसंधान की विधियों की जानकारी देते हुये बताया कि सबसे पहले अनुसंधान का विषय चयन करना चाहिये। तत्पश्चात विषय से संबधित पुस्तके का अधिक से अधिक अध्ययन करना चाहिये जिससे विषय से संबंधित जानकारी का

### निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कचरा निपटान प्रक्रिया में तेजी के दिये निर्देश

**राजनांदगांव 17 फरवरी।** नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा कचरा निपटान का जायजा लेने आज सुबह नवागांव टेंचिंग ग्राउण्ड पहुॅचे



और सभी मशीने दुरूस्त रख शीघ्रता से कचरा निपटान करने के निर्देश मिशन क्लीन सिटी प्रभारी श्री राजेश मिश्रा को दिये। टेंचिंग ग्राउण्ड में कचरा निपटान करने की विभिन्न प्रक्रियाओं का आज आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने जायजा लेकर सभी मशीने दुरूस्त कर, एसएलआरएम सेन्टरों के अलावा घर से ही कचरा पृथक कराकर ले तथा टेचिंग ग्राउण्ड मे लाकर कचरा निपटान प्रक्रिया में तेजी लाने कहा। उन्होंने मिशन क्लीन सिटी प्रभारी श्री मिश्रा से कहा कि ठेकेदार को भी कचरा निपटान जल्द करने अधिक से अधिक संसाधन का उपयोग कर कार्य करने निर्देशित करे। उन्होंने टेचिंग ग्राउण्ड के एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर रजिस्टर की जॉच किये और प्रतिदिन आने वाले गीला कचरा सुखा कचरा की मात्रा की जानकारी लेकर एसएलआरएम सेन्टरों में ही कचरा पृथककरण कर निपटान करने के निर्देश दिये।

### कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने मतदान केन्द्रों का लिया जायजा

# जनपद पंचायत राजनांदगांव क्षेत्र में मतदान के लिए दिखा उत्साह

- मतदान के लिए ग्रामीणों ने दिया जागरूकता का परिचय
- शाम 4 बजे तक अनंतिम मतदान 86 प्रतिशत रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 17 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत आज प्रथम चरण में जनपद पंचायत राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत 114 पंचायतों के 312 मतदान केन्द्रों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

जनपद पंचायत राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत आने वाले 4 जिला पंचायत सदस्य, 25 जनपद पंचायत सदस्य तथा सरपंच व पंच पद के लिए ग्रामीण मतदाताओं ने मतदान किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में छांव, पेयजल सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्था की गई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल तथा रिटर्निंग ऑफिसर एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्राम सोमनी, घुमका, हरडुवा, बरबसपुर, खैरझीटी, बोरी, रेंगाकठेरा, सुकुलदैहान, धर्मापुर, डिलापहरी सहित अन्य ग्रामों के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया एवं मतदान दलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया और अन्य ग्रामीणों को भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने प्रथम चरण में जनपद पंचायत राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत मतदान के लिए ग्रामीणों में गजब का उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही मतदान केन्द्रों में बड़ी संख्या में ग्रामीण कतार में खड़े रहे और बारी-बारी से अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

युवा, महिला, वरिष्ठ नागरिक, अन्य नागरिक के साथ दिव्यांगजन एवं बुजुर्ग मतदाता भी अपने परिजनों के साथ मतदान के लिए मतदान केन्द्रों तक पहुंचे। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी।

जिले के सभी मतदान केन्द्रों में प्रथम चरण में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। मतदान के पश्चात मतदान केन्द्रों पर मतगणना की गई। द्वितीय चरण में 20 फरवरी 2025 को जनपद पंचायत छुरिया एवं तृतीय चरण में 23 फरवरी 2025 को जनपद पंचायत डोंगरगढ़ व डोंगरगांव में सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक मतदान किया जाएगा। जिला निर्वाचन कार्यालय से दोपहर 1 बजे तक प्राप्त जानकारी अनुसार आज प्रथम चरण में जनपद पंचायत राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत मतदान का प्रतिशत 59.10 रहा है। जिसमें 56 प्रतिशत पुरूष, 62.34 प्रतिशत महिला एवं 50 प्रतिशत अन्य मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। शाम 4 बजे तक प्राप्त जानकारी के अनुसार अनंतिम मतदान प्रतिशत 86 है।

## संपादकीय

# भूपेश को पंजाब की नई जिम्मेदारी दी

कोई पार्टी एक के बाद एक चुनाव हारती जाती है तो एक दिन उसको समझ में आता है कि इसके लिए पार्टी के लोग भी दोषी हैं। पार्टी में कमी-खामी है इसलिए पार्टी एक के बाद एक चुनाव हारती जा रही है। इसी कमी-खामी को दूर करने के लिए पार्टी में बदलाव किया जाता है, पुराने लोगों को नई जिम्मेदारी देकर पुराने पद से हटाया जाता है, नए लोगों को पुराने लोगों की जगह नियुक्त किया जाता है। जो काम पुराने लोग किसी राज्य में नहीं कर सके, उनकी जगह नए लोगों को उसी काम की जिम्मेदारी दी जाती है। राजनीति में अगर किसी को चुनाव जिताने की जिम्मेदारी दी गई है और वह विधानसभा या लोकसभा का चुनाव नहीं जिता पाता है तो यह बड़ी असफलता मानी जाती है। मान लिया जाता है कि अब इस नेता को इस राज्य में रखने का कोई मतलब नहीं है। उसे यूं ही तो किसी राज्य से नहीं हटाया जा सकता। तो बड़े असफल नेता को किसी दूसरे राज्य नई जिम्मेदारी देकर भेज दिया जाता है कि आपको एक मौका और दिया जाता है, अपनी योग्यता साबित करने का। कांग्रेस में यही किया गया है, कांग्रेस एक के बाद एक कई राज्यों में चुनाव हार चुकी है। वह कहने को इसके लिए चुनाव आयोग व ईवीएम को दोषी बताती है लेकिन वह जानती है कि वह चुनाव आयोग और ईवीएम को दोषी ठहरा कर कोई चुनाव नहीं जीत सकती, लेकिन निरंतर चुनाव इसी तरह हार सकती है। इसलिए चुनाव के कुछ महीनों बाद वह अपनी कमी खामी को जानने का प्रयास करती है, एक राज्य के असफल बड़े नेताओं को दूसरे राज्य भेजती है और उनको उस राज्य में चुनाव जिताने की जिम्मेदारी दी जाती है। चूंकि वह पार्टी का बड़ा नेता, पार्टी को एक दो बार चुनाव जिता चुका है, इसलिए उसे पार्टी एक और मौका देती है, उसी राज्य में मौका देने पर कांग्रेस के दूसरे नेता नाराज हो सकते हैं, इसलिए उस बड़े असफल नेता दूसरे राज्य में चुनाव जिताने का एक और मौका दिया जाता है। किसी बड़े नेता के प्रदेश की राजनीति में फेल होने पर उसे देश की राजनीति में मौका दिया जाता है, यह कांग्रेस की परंपरा है, कांग्रेस में इन दिनों वैसे ही चुनाव जिताने वाले नेताओं की कमी है, इसलिए कांग्रेस के बड़े नेताओं को उनकी असफलता के बाद भी दूसरे राज्य में कांग्रेस को मजबूत करने व अगला चुनाव जिताने की जिम्मेदारी दी जाती है। आम भाषा में इसे कहा जाता है कि राज्य का सबसे बड़ा नेता चुनाव नहीं जिता सका इसलिए उसे राज्य की राजनीति से हटा दिया गया है। कांग्रेस में इसे कहा जाता है कि नई जिम्मेदारी दी गई है,नेता का कद बढ़ा है। छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल कभी कांग्रेस के नए नेता थे, कांग्रेस के तब के पुराने नेता छत्तीसगढ़ में भाजपा को पंद्रह साल तक नहीं हरा पाए थे। पंद्रह साल तक चुनाव लगातार हार गए तो आलाकमान ने भूपेश बघेल को छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को जिताने की जिम्मेदारी कांग्रेस अध्यक्ष बनाकर दी थी। तब भूपेश बघेल ने यहां की कमजोर कांग्रेस में नए उत्साह का संचार कर उसे एकजुट किया और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को जिताने का काम करके दिखाया। जो काम कई बड़े नेता नहीं कर सके थे, भूपेश बघेल ने कर दिखाया। भूपेश बघेल ने यह अकेले नहीं किया था,कांग्रेस की जीत में टीएस सिंहदेव की भी अहम भूमिका थी, इस पर भूपेश बघेल को राज्य का सीएम बनाया गया। सीएम पद के दूसरे प्रबल दावेदार टीएस सिंहदेव का डिप्टी सीएम बनाया गया था। पांच साल भूपेश बघेल को राज्य में सत्ता व संगठन को चलाने व बनाने की पूरी छूट आलाकमान ने भूपेश बघेल को दी। इस दौरान भूपेश बघेल से पार्टी ने जैसी अपेक्षा की वैसा बखूबी वह सब काम किया। वह कई राज्यों में उनको चुनाव जिताने की जिम्मेदारी दी गई। पांच साल में उनका कद ऊंचा हुआ। आलाकमान ने उनसे कांग्रेस को दोबारा छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को जिताने की जिम्मेदारी सौंपी लेकिन दूसरी बार कांग्रेस को भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ में नहीं जिता सकें। विधानसभा चुनाव के बाद उनको लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को ज्यादा सीटें जिताने की जिम्मेदारी दी गई, उनको राजनांदगांव से चुनाव लड़कर राजनांदगांव सीट जीत कर कांग्रेस की झोली में डालने की जिम्मेदारी सौंपी गई, इसमें भी भूपेश बघेल असफल रहे, कांग्रेस एक सीट ही जीत सकी। इसके बाद छत्तीसगढ़ में रायपुर जिले में हुए उपचुनाव में भी वह कांग्रेस प्रत्याशी को नहीं जिता सके। उनसे उम्मीद की जा रही थी कि वह राज्य में नगरीय निकाय चुनाव में बड़ी सफलता दिलाएंगे, सभी निकायों में कांग्रेस का कब्जा हो, इसलिए कांग्रेस से उम्मीद की जा रही थी कि निकाय चुनाव में तो अच्छा प्रदर्शन करेंगी। कांग्रेस ने निकाय चुनाव में अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन किया है। स्वाभाविक है कि इसके लिए भूपेश बघेल को दोषी माना जाएगा। वह विधानसभा चुनाव से लेकर निकाय चुनाव तक कांग्रेस को जिताने में असफल रहे हैं। यानी निरंतर असफलता से वह आलाकमान की नजर में राज्य के लिए असफल नेता साबित हुए हैं। वह कांग्रेस के बड़े नेता है,छत्तीसगढ़ में कई चुनाव में असफल रहे हैं, इसलिए उनको छत्तीसगढ़ से हटाकर संगठन में महासचिव बनाकर राष्ट्रीय राजनीति में काम करने का मौका दिया गया और पंजाब का प्रभार देकर उनको पंजाब में कांग्रेस को चुनाव जिताने की जिम्मेदारी सौंपी है। विधानसभा चुनाव हारने के बाद ही उनको राज्य से हटाने की अटकलें लगाई जाने लगी थीं लेकिन आलाकमान ने उनको लोकसभा चुनाव जिताने का एक और मौका दिया लेकिन वह उसमें भी असफल रहे। उपचुनाव में कांग्रेस की हार से साबित हो गया है कि अब भूपेश बघेल पहले वाले चुनाव जिताने वाले नेता नहीं रह गए हैं। निकाय चुनाव आखिरी उम्मीद थी,निकाय चुनाव में कांग्रेस की बुरी हार से आलाकमान ने भूपेश बघेल को छत्तीसगढ़ से हटाने का फैसला कर लिया। माना जाता है कि निकाय चुनाव में भूपेश बघेल के कहने पर ही 10 निगम से पांच में टिकट दिए गए थे, हुआ क्या कांग्रेस एक नगर निगम चुनाव नहीं जीत सकी है। भूपेश विरोधी तो इसके लिए भूपेश बघेल को ही दोषी ठहराएंगे कि उन्होंने जीतने वालों की जगह हारने वालों को टिकट दिलाने की सिफारिश

संस्कृति

किशन सनमुखदास भावनानी

# मातृ पितृ पूजन दिवस का आगाज-,माता-पिता से गुस्ताखी अक्षम्य अपराध



वैश्विक स्तरपर दुनियाँ में भारत की प्रतिष्ठा एक सुसंस्कारी आध्यात्मिक संस्कृति मान्यताओं प्रथाओं महिलाओं को देवी तुल्य स्थान व माता-पिता को संपूर्ण सृष्टि में श्रेष्ठ स्थान पर देखा जाता है। परंतु वर्तमान कुछ दशकों से पाश्चात्य संस्कृति की छाया भारत पर भी पड़ती हुई दिखाई दे रही है। यह मेरी निजी राय है कि वर्तमान मेंटेनेंस एंड वेलफेयर ऑफ पेरेंट्स एंड सीनियर सिटीजंस (अमेंडेड) एक्ट 2019 नाकाफी व अपर्याप्त सिद्ध होरहा है।अब समय आ गया है कि माता-पिता बुजुर्गों के साथ दुर्व्यहर, बुरा व्यवहार,अपमान व प्रताड़ित करने से रोकने के लिए एक जन जागरण अभियान की जरूरत है जिसे मातृ-पितृ दिवस के रूप में हर शहर हर गांव हर मोहल्ले में मनाकर जनजागरण करने की खास जरूरत है।इसी कड़ी में मैं रविवार दिनांक 16 फरवरी 2025 को रईस सिटी गोंदिया के संत कंवरराम मैदान पर रात्रि चल रहे मातृ-पितृ पूजन दिवस की ग्राउंड रिपोटिंग की, जहां माता-पिता को सम्मान देने के गुण सिखाने,मार्गदर्शन करने व माता-पिता की पूजा आरती घुमाकर करने,उनके चरणों में करीब 10-15 मिनट शीष झुककर क्षमादान माँगने का क्रम मैं देखकर गदगद हो उठा और इस विषय पर तुरंत आर्टिकल लिखने की ठानी और प्रक्रिया शुरू कर दी। चूँकि भारतीय संस्कृति माता-पिता का सम्मान व पूजन के लिए है, परंतु इसके विपरीत आज उनका अपमान प्रताड़ना कर उनका उपहास उड़ाया जाता है, जिसे रोकने के लिए यह जनजागरण अभियान चलाया गया था। करीब 14 वर्षों से यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसे हर शहर गांव मोहल्ले में हर समाज धर्म जाति को मातृ- पितृ पूजन दिवस मनाने की खास जरूरत है, विशेषकर इसे किसी पाश्चात्य मौज के दिवस पर मानना, मेरे विचार से बेहतर रहेगा। चूँकि माता-पिता गुरुजनों के हम ऋणी हैं, उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करके, आशीष पाकर जीवन में आगे बढ़ाने के अवसर हैं, तथा वर्तमान डिजिटल व पाश्चात्य प्रवृत्ति युग में युवाओं को माता-पिता के लिए समय नहीं है, इसीलिए माता-पिता पूजन दिवस मनाना जन जागरण के लिए सराहनीय कार्य है। इसलिए आज हम ग्राउंड रिपोटिंग के आधार पर इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, मातृ पितृ पूजन दिवस का आगाज, माता-पिता से गुस्ताखी अक्षम्य अपराध है। साथियों बात अगर हम वर्तमान समय में माता-पिता बुजुर्गों के अपमान की करें तो,वैश्विक स्तरपर इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया के सहयोग से देख पढ़ सुन रहे हैं कि दुनियाँ में असंख्य माता पिता वह सीनियर सिटीजन बुजुर्ग व्यक्ति हैं जो अपनी संतान की दुत्कार सह रहे होंगे। आज मॉडर्न सोसाइटी का तर्क देकर माता-पिता, बुजुर्गों से दुर्व्यवहार किया जाता है। आज थोड़ी-थोड़ी बात पर माता-पिता बुजुर्गों को कहा जाता है कि चुपचाप बैठो, तुमको क्या समझता है, तुम सठिया गए हो अगर पिता पढ़ा लिखा है तो पढ़ा लिखा गंवार या बुजुर्ग गवार की संख्या दी जाती है।हालांकि भारत एक आध्यात्मिक,माता पिता का संबंध, बुजुर्गों की सेवा करने के विचारों महान मानवों का देश है। परंतु आज वह केवल उदाहरण बनकर रह गए हैं । प्रैक्टिकली अगर माता-पिता बुजुर्गों के जीवन में झांक कर देखा जाए तो आज की तारीख में उन्हें दुत्कार ही मिलती रहती है। मैंने अपनी गोंदिया राइस सिटी में इसे रिसर्च के तौर पर माता-पिता द्वारा 1 साल के बच्चों की परवरिश पर पूरा एक महीना ध्यान रखा था तो देखा वह अपने बच्चों को, माता-पिता अपने पलकों पर बैठा कर प्यार करते हुए ए ग्रेड का पालन पोषण कर रहे थे, तो दूसरी तरफ एक परिवार को देखा जिसमें जिसके दोनों बच्चे मुंबई पुणे और विदेश में रह रहे थे और मां लाचार होकर किचन में तो पिता छोटी सी दुकान पर! अपनें बुजुर्ग दौर के दिन मेहनत करके काट रहा था।तीसरी जगह देखा तो बच्चे अपने माता-पिता को दुत्कार कर रौब से बात कर रहे थे कि मानो वह उसके माता पिता नहीं उसके घर के नौकर है। यह तीनों ग्राउंड रिपोटिंग किस्से देखकर मैं दंग रह गया। यानें बच्चों को हम कितना लाड से पालते पोछते पढ़ाते और लाखों के पैकेज की नौकरी योग्य बनाते हैं कई बार तो उन्हें ढूंढ कर नौकरी भी दिलाते हैं, तो




दूसरी ओर वह जाब करने बड़ी सिटियों या विदेश जाकर बस जाते हैं और माता-पिता बुजुर्गों को भूल जाते हैं। अगर बच्चे माता-पिता के साथ भी रहते हैं तो माता- पिता बुजुर्गों को नौकर बना कर रखते हैं, जो भारतीय सभ्यता संस्कृति के लिए शर्म की बात है। जिसे रेखांकित करना होगा।साथियों बात अगर हम माता- पिता बुजुर्गों के अपमान को रोकने व माता-पिता के सम्मान में एक कानून बनाने की करें तो, हम प्रस्तावित कानून में माता- पिता व वरिष्ठ नागरिक( अत्याचार अपमान दुर्व्यवहार निवारण) विधेयक 2025 की जरूरत की करें तो, हमारा देश महान संतानों की भूमि है,यहां बच्चों से अपने बुजुर्ग माता-पिता की उचित देखभाल करने की अपेक्षा की जाती है, लेकिन पीड़ादायक है कि नैतिक मूल्यों में इस कदर गिरावट आ गई है कि अपना सुख-चैन जिन बच्चों के लिए माता-पिता त्याग कर जीवन खत्म कर देते हैं, वही बच्चे उन्हें बुढ़ापे में दो जून की रोटी और मोहब्बत के लिए तरसा रहे हैं।आजकल कई मामलों में बच्चे अपने माता-पिता से संपत्ति प्राप्त करने के बाद उन्हें छोड़ देते हैं।जो न सिर्फ दुखद है, बल्कि सामाजिक और नैतिक मूल्यों में निरंतर आ रही गिरावट का प्रतीक भी है।हमारे सामाजिक मूल्यों में तेजी से आ रहे बदलाव की वजह से आज बुजुर्गों को अपनी ही संपत्ति में सुरक्षित रहने और संतानों की प्रताड़ना से बचने के लिये उन्हें अपने स्वअर्जित घर से बेदखल करने के लिए अदालतों की शरण में आना पड़ रहा है. इस तरह की उद्दंड संतानों को माता पिता के घर से बेदखल करने के आदेश भी अदालत दे रही हैं लेकिन यह सिलसिला बदस्तूर जारी हैसामाजिक मूल्यों में आ रहे ह्रास का ही नतीजा है कि संपत्ति के लालच में मौजूदा दौर में बेटा-बहू और बेटी द्वारा अपने माता-पिता को बेआबरू करने की घटनाएं और इससे मजबूर होकर बुजुर्गो द्वारा कानूनी रास्ता अपनाने के मामले बढ़ रहे हैं।परिवारों में बुजुर्ग माता पिता और दूसरे वृद्ध सदस्यों को बोझ समझा जाने लगा है।कई बार तो उन्हें उनके ही स्वअर्जित घर से बेदखल करके दर बदर की ठोकरें खाने के लिये छोड़ दिया जा रहा है या फिर सुशिक्षित बेटे बहू उन्हें वृद्धाश्रम पहुंचा रहे हैं। हमारा देश महान संतान श्रवण कुमार की भूमि है, यहां बच्चों से अपने बुजुर्ग माता-पिता की उचित देखभाल करने की अपेक्षा की जाती है, लेकिन पीड़ादायक है कि नैतिक मूल्यों में इस कदर गिरावट आ गई है कि अपना सुख-चैन जिन बच्चों के लिए माता-पिता त्याग कर जीवन खत्म कर देते हैं, वही बच्चे उन्हें बुढ़ापे में दो जून की रोटी और मोहब्बत के लिए तरसा रहे हैं। आजकल कई मामलों में बच्चे अपने माता-पिता से संपत्ति प्राप्त करने के बाद उन्हें छोड़ देते हैं. जो न सिर्फ दुखद है, बल्कि सामाजिक और नैतिक मूल्यों में निरंतर आ रही गिरावट का प्रतीक भी है।

साथियों बात अगर हम आदि अनादि काल से भारत माता की धरती पर माता-पिता को सर्वश्रेष्ठ गुरु मानने की करें तो वैश्विक स्तरपर आदि अनादि काल से भारत माता की धरती पर माता-पिता को सर्वश्रेष्ठ गुरू मानने के अनेकों या यूं कहें कि अनगिनत उदाहरण से इतिहास भरा पड़ा है परंतु वर्तमान परिपेक्ष में मैं यह महसूस कर रहा हूं कि समाज का एक बहुत बड़ा तबका अपने जीवन शैली को परिवर्तित करने में मुस्तैद है।आदि-अनादि काल से हमारे भगवानों की पूजा अर्चना हो रही थी परंतु वर्तमान समय में उपवास पूजा अर्चना तो क्या उनकी तस्वीर भी हटा दी गई है और बहुत ही जोर-शोर से नए आधुनिक बाबाओ गुरुवारों की सेवा में मुस्तैद हो गए हैं।अलग-अलग स्तरपर उनकी गुरु दीक्षा लेकर केवल उनके ही हो गए हैं।यहां तक कि अपने माता पिता का दर्जा भी अपने उस गुरुवार से कम कर दिया है।मैं देख रहा हूं कि आजकल उन भक्तगणों सेवकों के लिए अपने गुरुवरों की आज्ञा सर्वोपरि हो गईं है,उनपर सर्वस्व निषेश्वर कर देते हैं। जबकि अपने माता-पिता की अवज्ञा करने में बिल्कुल पीछे नहीं हटते उनका सम्मान की जगह अपमान करते हैं, उनके लिए अपने माता-पिता से भी बड़े गुरुवर हो गए हैं जो मेरा मानना है कि उचित नहीं है, मेरे माता-पिता ही सरोवर सर्वोपरि हैं,उसके बाद मेरे गुरुवर हैं। चूंकि शास्त्रों में भी आया है,माता गुरुतरा भूमेःपिता चोच्चत्रं च खात।भावार्थ- माता पृथ्वी से भारी है।पिता आकाश से भी ऊँचा है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विशेषण करें तो हम पाएंगे कि मातृ पितृ पूजन दिवस का आगाज-,माता-पिता से गुस्ताखी अक्षम्य अपराध।माता-पिता एवं गुरुजनों के हम ऋणी हैं,उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर-के आशीष पाकर जीवन में आगे बढ़ने का अवसर है।वर्तमान डिजिटल व पाश्चात्य प्रवृत्ति युग में युवाओं को माता-पिता के लिए समय नहीं, मातृ-पितृ पूजन दिवस से सराहनीय जनजागरण है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपकी लगन देखकर आपके बॉस आपको प्रमोशन दे सकते हैं। वाहनों के प्रयोग से आपको सावधानी बरतनी होगी। वैवाहिक जीवन में यदि कुछ समस्याएं लंबे समय से आपको घेरे हुए थी, तो अपने बड़े सदस्यों की मदद से आसानी से दूर कर सकेंगे। आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। आपको इनकम के स्त्रोतों पर पूरा ध्यान देना होगा।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए मानसिक शांति दिलाने वाला रहेगा। आपको अपने व्यवहार पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से खुशी होगी। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन अच्छा रहने वाला है। आपको किसी पर आंख मूंदकर भरोसा करने से बचना होगा। आप किसी से बहसबाजी में ना पड़ें और आप अपने बिजनेस के कामों पर पूरा ध्यान दें। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है।

मिथुन- आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए ठीक-ठाक रहेगा। आपको कोई बड़ा टेंडर मिल सकता है। किसी दूसरी नौकरी का ऑफर आ सकता है, लेकिन फिलहाल पुरानी में ही टेक रहे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आप अपने घर की मरम्मत आदि की भी योजना बनाएंगे। शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करने वाले लोगों को अनुभवी व्यक्तियों से सलाह की आवश्यकता होगी। आपका कोई नया काम करने की इच्छा जागृत हो सकती है। आपको अपने कामों में काफी संघर्षों के बाद सफलता मिलेगी।

कर्क- आज का दिन आपके लिए समस्याएं लेकर आने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ेगा। माताजी आपको किसी काम को लेकर सलाह दें, तो आप उस पर अमल अवश्य करें। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले। धार्मिक कामों के प्रति आपकी काफी रुचि रहेगी। आप संतान के करियर को लेकर यदि आप परेशान चल रहे थे, तो उसमें आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए सुख साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपनी इनकम को बढ़ाने के स्त्रोतों पर पूरा ध्यान देंगे। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपनी आय और व्यय में भी संतुलन बनाकर चलने की आवश्यकता है। आपको कार्यक्षेत्र में अपने काम निकलवाने के लिए अपने जूनियर से बातचीत करनी होगी। आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

कन्या- आज का दिन आपके लिए टेंशनों से भरा रहने वाला है। यदि आपने किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखायी, तो आपका वह काम बिगड़ सकता है। बिजनेस में आपको पार्टनरशिप में नुकसान होगा। आपको अप्रत्याशित लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा, लेकिन आप अपने बेफिजूल के खर्चों पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। यदि पैरों से संबंधित समस्या चल रही है, तो आप उसमें ढील बिल्कुल ना दें। आपको अपनी सेहत के मामले में लापरवाही नहीं करनी है।

तुला- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आपको किसी सरकारी योजना का लाभ मिलेगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधाएं दूर होगी। आप दिल के वजह दिमाग की सुने, जिससे आपके काफी काम पूरे होंगे। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको कोई महत्वपूर्ण कदम उठाना होगा। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा। आप किसी विरोधी की बातों में ना आए। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

वृश्चिक- आज का दिन प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपने साथी को परिवार के सदस्यों से मिलवा सकते हैं। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं। जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आएंगे। परिवार में छोटे बच्चों आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं। नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

धनु- आज के दिन आपके निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव रहेंगे, लेकिन फिर भी आप अपने कामों को समय से पूरा करके देंगे। आपके परिवार में कोई सदस्य आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकता है। आप छोटे बच्चों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आप कार्यक्षेत्र में कामों को लेकर अपने जूनियर से मदद ले सकते हैं। आपको कोई पैतृक संपत्ति की प्राप्ति होने से आपका मन खुश रहेगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए नुकसानदायक रहने वाला है। आपके मन में चल रही उलझन आपको परेशान करेंगी। आपकी टेंशन बढ़ेगी। दूसरों के मामले में आप बेवजह ना बोले। नौकरी में बदलाव की यदि आप योजना बना रहे थे, तो वह आपके लिए अच्छी रहेगी। आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा। वरिष्ठ सदस्य आपके कार्यों में आपका पूरा साथ देंगे। विद्यार्थियों की किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

कुंभ- आज का दिन लाभदायक रहने वाला है। आपको उम्मीद से ज्यादा धन मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आप काम के सिलसिले में कहीं यात्रा पर जा सकते हैं। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। यदि आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो आप अवश्य करें। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। किसी सदस्य के विवाह में कोई बाधा आ रही थी, तो वह भी दूर होगी।

मीन- आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपने बिजनेस में कुछ नई योजनाओं को शामिल करेंगे, जिससे आपकी इनकम बढ़ेगी। परिवार में आप सुख-सुविधाओं की वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। भाई व बहनों से आप कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोले, क्योंकि उन्हें आपकी कोई बात बुरी लग सकती है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपने किसी से यदि कुछ कर्ज लिया था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतार सकते हैं।

# द स्टोरीटेलर: कला और बाजार के बीच का संघर्ष

कल्पना पांडे

सत्यजित राय की कहानी गल्पो बोलिये तरिणी खुरो पर आधारित अनंत महादेवन की फि ल्म द स्टोरीटेलर (2025) असली मेहनत और पूँजीवाद के बीच के संघर्ष को केंद्र में रखती है। इस फि ल्म में दो बिल्कुल विपरीत व्यक्तित्वों की कहानी है। एक तारिणी बंद्योपाध्याय (परेश रावल) है, जो एक वृद्ध बंगाली कहानी कहने वाला है, जिनके विचारों से कम्युनिस्ट या साम्यवादी विचारों का है। दूसरा प्रमुख पात्र रतन गरोडिया (अदिल हुसैन) है जो एक धनी गुजराती व्यापारी, जो अनिद्रा के कारण वर्षों से सोया नहीं है। उनकी परस्पर विरोधी दुनियाओं से यह स्पष्ट होता है कि मुनाफा कमाने की लालसा से चलने वाली व्यवस्था में रचनात्मकता का कैसे शोषण होता है। यह फि ल्म सिर्फ. मनोरंजन नहीं करती, बल्कि गहरे सवाल उठाती है झ कहानी पर असली हक किसका होता है? श्रेय किसे मिलता है? और एक रचनाकार अपनी कला के शोषण के खिलाफ कैसे लड़ता है।

द स्टोरीटेलर में, यह दिखाया गया है कि कला का कैसे इस्तेमाल किया जाता है और गलत तरीके से कलाकारों का फायदा कैसे उठाया जाता है। तारिणी, जो बंगाली साहित्यिक परंपरा से आने वाला एक खुशमिजाज उत्साही कथाकार है, सबको अपनी नई-नई कहानियां सुनाता रहता है, उसे अहमदाबाद के एक कपड़ा व्यापारी—रतन गरोडिया—उसकी अनिद्रा दूर करने के लिए और नींद या सके इसलिए कहानियाँ सुनाने के लिए नौकरी पर रखता है। शुरूआत में यह एक साधारण सा समझौता लगता है, लेकिन जल्द ही रतन का असली चरित्र सामने आ जाता है। अमीर होने के बावजूद, रतन अपनी बुद्धिमान और सुसंस्कृत महिला मित्र, सरस्वती (रेवती) को पैसे से प्रभावित नहीं कर पाता। उसका प्रेम पाने के लिए और उसकी नजरों में अपनी छवि निखारने के लिए, वह तारिणी की नवीन मौखिक कहानियों को चुराकर ₹गुज्जू गोर्की₹ के छद्म नाम से प्रकाशित करता है और कम समय में ही मशहूर हो जाता है। यह बौद्धिक चोरी साफ दशार्ती है कि पूँजीवादी व्यवस्था कैसे रचनात्मक लोगों—घोस्टराइटर्स, कलाकारों, मजदूरों—की कला का नफा कमाने के लिए शोषण करती है।

फिल्म में कोलकाता की बंगाली संस्कृति और अहमदाबाद की गुजराती संस्कृति के बीच तुलना की गई है। तारिणी के कोलकाता में परंपरा और जीवन का उल्लास है—मछली बाजार, ऐतिहासिक इमारतें, और पीढ़ियों से चली आ रही कहानियाँ। यहाँ, कहानी सुनाना मिल्कियत नहीं बल्कि पूरे समुदाय की धरोहर है। इसके विपरीत, अहमदाबाद में रतन का महल पूँजीवाद की निर्ममता को दशार्ता है—महँगे फर्नीचर, बिना पढ़ी किताबों से भरी अलमारियाँ, और पिकासो के प्रिंट्स जैसी कलाकृतियाँ, जो सिर्फ. दिखावे के लिए हैं। फिल्म इस ₹संस्कृति₹ पर कटाक्ष करती है, जहाँ कला और कहानियों की आत्मा खोकर उन्हें सिर्फ. बिक्री के लिए पैकेज किया जाता है। पूँजीवाद विभिन्न संस्कृतियों को एकसमान बाजारू रूप में बदल देता है, उनकी विशिष्टता को मिटाता है। शुद्ध शाकाहारी रतन, जो अपने विरोधाभासी व्यवहार के लिए जाना जाता है, अपने नौकर से पूछता है, क्या तूने मछलियों को दाना दिया, और क्या उसने दाने को (तारिणी) मछली दी? तारिणी कि जो कीमत पूंजीपति के मन है उस नजरिये को उजागर करता है। कोलकाता का सामूहिक आनंद और अहमदाबाद के महल की खालीपन इस अंतर और संघर्ष के प्रतीक हैं।

इस फि ल्म में, एक बिल्ली है जिसका प्राकृतिक पसंदीदा भोजन मछली है। उसे हमेशा शाकाहारी खाना खाने के लिए मजबूर किया जाता है। मौका मिलते ही बिल्ली मालिक की मछली टंकी से चुपके से मछलियाँ चुराकर खा लेती है। बिल्ली का यह संघर्ष—प्राकृतिक इच्छाओं और सामाजिक नियमों के बीच का तनाव—एक रूपक है। शाकाहारी भोजन खाद्य पदार्थों की सांस्कृतिक दमन का प्रतीक है, जबकि चुराई गई मछली स्वयं की पहचान और आजादी को दशार्ती है। तारिणी, जो बिल्ली के स्वभाव को समझता है, उसे मछली खिलाता है। वह अहमदाबाद छोड़ते समय बिल्ली को कोलकाता ले जाता है। यह दृश्य फि ल्म में सांस्कृतिक दबाव और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच के संघर्ष को प्रतीकात्मक रूप से दशार्ता है। बिल्ली की कहानी, तारिणी और रतन के संबंधों का एक दर्पण है, जहाँ रचनात्मकता का शोषण और मुक्ति दोनों दिखाई देते हैं। अहमदाबाद से कोलकाता की यात्रा सांस्कृतिक पहचान की वापसी को दशार्ती है।




इस फि ल्म में महिला पात्रों को स्वतंत्र और बलवान दिखाया गया है। विधवा सरस्वती (रेवती) बुद्धिमान हैं और उनके अपने नैतिक मूल्य हैं। वह अपने सिद्धांतों पर अडिग रहती हैं। रतन की चोरी का पता चलने पर वह कहती हैं, ₹मैं व्यापारी के सिद्धांतों को स्वीकार कर सकती थी, पर चोर के नहीं,₹ और उसे शुभकामनाएँ देकर चली जाती हैं। इस पल में अमीर रतन कमजोर और असहाय नजर आता है। सरस्वती भौतिक संपत्ति से ज्यादा ज्ञान और बुद्धि को महत्व देती हैं। लाइब्रेरियन सूजी (तनिष्ठा चटर्जी) को भी आत्मविश्वासी दिखाया गया है, और उसका दुनिया को देखने का अपना नजरिया है। तारिणी की दिवंगत पत्नी की याद, जिसने उसे लिखने के लिए एक कलम दिया था, प्रेरणा का एक स्थायी स्त्रोत बन जाती है। यह इस बात को उजागर करता है कि कला और रचनात्मकता पर महिलाओं का प्रभाव कितना शक्तिशाली होता है। ये महिलाएँ पुराने साहित्य की दयनीय पात्र नहीं, बल्कि सत्यजित राय के प्रगतिशील दृष्टिकोण से बनी मजबूत चरित्र हैं, जो कहानी को एक समृद्ध और सकारात्मक आयाम देते हैं। महिला पात्र सांस्कृतिक रूढ़ियों को तोड़ती हैं और स्वायत्तता व नैतिकता के प्रतीक बनती हैं। सरस्वती का रतन को छोड़ना सिद्धांतों की जीत और भौतिकवाद की सीमाओं को दशार्ता है। तारिणी की पत्नी का कलम रचनात्मकता की विरासत है, जो लैंगिक भूमिकाओं के पारंपरिक ढाँचे को चुनौती देती है। आधुनिक फि ल्मों की तेज रफ़्तार के विपरीत, द स्टोरीटेलर दर्शकों को मानवीय जीवन की गति धीमी करके उसे गहराई से अनुभव करने का निमंत्रण देता है। महादेवन धीमी गति का उपयोग करते हैं, जबकि अल्फोंस रॉय की खूबसूरत सिनेमैटोग्राफी कोलकाता के हाथ से खींचे जाने वाले रिक्शा और अहमदाबाद की भव्य संगमरमर इमारतों जैसे पुराने जमाने के दृश्यों को कैद करती है। यह शांत, लगभग ध्यानमग्न कर देने वाली शैली, आज के तेज कट और चमकदार एडिटिंग वाली फि ल्मों से एकदम अलग है। एक विचारोत्तेजक और तल्लीन कर देने वाले अनुभव के जरिए, फि ल्म धीरे-धीरे निर्मित होने वाली कला की स्थायी शक्ति पर प्रकाश डालती है। यह हमें सिखाती है कि असली कला को समय चाहिए झ यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसे जल्दबाजी में नहीं, बल्कि संयम, त्याग और साहस के साथ पूरा किया जाता है। जीवन और कहानियों के सार को वास्तव में समझने के लिए, प्राकृतिक धीमेपन को अपनाना और चिंतन के लिए समय निकालना ही कला की वास्तविक ताकत है। इस फि ल्म का प्रभाव उसके मुख्य कलाकारों के कारण और बढ़ जाता है। परेश रावल तारिणी की भूमिका में शानदार अभिनय करते हैं। जब तारिणी को रतन की धोखाधड़ी का पता चलता है, तो वह सोच-समझकर और शांति से तीन-चार महीने तक उसके घर में रहकर उसे सबक सिखाते हैं। तारिणी बगावत करते हैं, और धोखे का शांत प्रतिरोध करते हैं। एक सामान्य इंसान होने के बावजूद, तारिणी के पास समय देने वाले, स्नेही और गप्पें मारने वाले कॉमरेड साथी-मित्र हैं। वहीं दूसरी ओर, रतन एक अकेले अमीर आदमी की भूमिका में नजर आता है। आदिल हुसैन ने रतन गरोडिया के रूप में, अपनी ही असुरक्षा में फँसे एक पूँजीपति की भूमिका को बखूबी निभाया है।

द स्टोरीटेलर सिर्फ. सत्यजित रे के क्लासिक की पुनरावृत्ति है झ यह हमें मुनाफे से चलने वाले समाज में कला की भूमिका को फिर से सोचने पर मजबूर करता है। यह फि ल्म दिखाती है कि कैसे पूँजीवादी व्यवस्था रचनात्मक श्रम का शोषण करती है और उसके मूल्य को गिराती है। कलात्मक प्रामाणिकता इन पूँजीवादी दबावों का साहसपूर्वक मुकाबला कर सकती है। अंत में, तारिणी और रतन एक-दूसरे की कहानियाँ लिखने लगते हैं: तारिणी अपनी बौद्धिक संपदा बचाने के लिए लिखता है, तो रतन भी लेखन की ओर मुड़ता है। तारिणी और रतन का लेखन शुरू करना सृजन की सार्वभौमिकता को दिखाता हुआ फि ल्म का अंत परिवर्तन की संभावना पर जोर देता है, पर साथ ही यह भी संकेत करता है। दोनों बदलते हैं, लेकिन यह बदलाव एक आदर्शवादी समाप्ति की ओर ले जाता है, जो सवाल छोड़ जाता है झ क्या पूँजीवाद और कला का यह संघर्ष वास्तव में इतना सरल है?

द स्टोरीटेलर में जब तारिणी अंततः अपनी पहचान स्थापित करने के लिए अपनी कहानियाँ लिखना शुरू करता है, तो वह अपनी रचनात्मकता पर नियंत्रण पाने की दिशा में कदम बढ़ाता है। यह फि ल्म इसी संघर्ष के बारे में है। जब तारिणी व्यंग्यपूर्वक कहता है, ₹नकल करने के लिए भी अकल लगती है,₹ तो वह एक ऐसी दुनिया का मजाक उड़ाता है जहाँ कल्पना चुराना, उसे रचने से ज्यादा आसान है। द स्टोरीटेलर बाजारवाद के चंगुल से रचनात्मकता को वापस छीनने और मेहनतकशों को न्याय दिलाने की एक कहानी है।

एक नजर

### फर्जी दस्तावेज बनाने वाला कंप्यूटर सेंटर का संचालक गिरफ्तार

**रायपुर, 18 फरवरी।** राजधानी रायपुर के टिकरापारा थाना के अपराध क्रमांक- 113/2025 भारतीय न्याय संहिता 2023 अधिनियम की धारा 318(4), 338, 340, 111 भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय पासपोर्ट अधिनियम 1967 की धारा 12(बी) में गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद स्माईल, शेख साजन, शेख अकबर से पूछताछ की गई जिसमें आरोपियों द्वारा बताये की उनके द्वारा पासपोर्ट वीजा, जन्मतिथि बनाने प्रमाण पत्र के लिए फर्जी मार्कशीट बनाने हेतु सत्कार कम्प्यूटर सेंटर कचहरी चौक के संचालक मोहम्मद आरिफ से संपर्क कर फर्जी दस्तावेज तैयार करवाये है की जानकारी होते ही घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया। प्रकरण को उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह द्वारा गंभीरता से लिया गया और आरोपियों के बताये हुए जानकारी की तत्काल तस्दीकी कर आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मित्तल एण्टी क्राईम एवं सायबर सेल, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानीबस्ती राजेश देवांगन, के निर्देशन में थाना प्रभारी टिकरापारा निरीक्षक विनय सिंह बघेल द्वारा थाना एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर सेल व एटीएस का संयुक्त टीम तैयार कर प्राप्त जानकारी के तस्दीकी हेतु रवाना किया गया।

### राजधानी रायपुर में 10 युवा कांग्रेसी नेता गिरफ्तार

**रायपुर, 18 फरवरी।** रायपुर के जयस्तंभ चौक तथा सुंदर नगर चौक में आतिशबाजी कर जनमदिन मनाना यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष विनोद कश्यप उर्फ भक्कू को भारी पड़ गया।मामले में पुलिस ने भक्कू सहित 10 कांग्रेसी नेताओं को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक पहले ये लोग जयस्तंभ चौक पर केक काट रहे थे, जहां से पुरानी बस्ती सीएसपी अमन झा ने उन्हें चेतावनी देकर भगाया। इसके बाद यूथ कांग्रेस के नेता अपने समर्थकों के साथ सुंदर नगर चौक पर चले गए। यहां से एसएसपी लाल उमेद ने जिला अध्यक्ष समेत 10 कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। बता दें कि रविवार रात 12 बजे जिला अध्यक्ष विनोद कश्यप समेत 10 कांग्रेस कार्यकर्ता सुंदर नगर चौक बीच सड़क आतिशबाजी कर केक काट रहे थे। इस दौरान आसपास के लोगों ने डायल 112 को कॉल कर मामले की शिकायत की, लेकिन वहां डायल 112 की टीम नहीं पहुंची। इस दौरान एसएसपी लाल उमेद गश्त पर निकले थे। उन्होंने आतिशबाजी और शोर-शराबे को देखकर तत्काल अपनी गाड़ी रोकी। जिला अध्यक्ष विनोद कश्यप समेत सभी से पूछताछ की। सभी आरोपियों को फटकार लगाई। साथ ही सभी को मौके से अरेस्ट किया। वायरल वीडियो में दिख रह है कि कांग्रेसी एक बड़ा सा केक लेकर बीच सड़क पर काट रहे हैं।

### यादव महासम्मेलन आयोजित

**रायपुर, 18 फरवरी।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज पंजीयन क्र. 5066 रायपुर से संबद्ध महानगर इकाई एवं जिला तथा महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय सामाजिक सम्मेलन, आदर्श सामूहिक विवाह, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, सामाजिक विभूतियों का सम्मान मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, निःशुल्क 11 जोड़ो का आदर्श विवाह, परिचय सम्मेलन में 368 युवती 106 युवकों ने अपना परिचय दिया 9 छात्रों को प्रतिभा सम्मान दिया गया 14 सामाजिक क्षेत्र में समाज बंधुओं को सम्मान किया गया। प्रधान कार्यालय, महादेव घाट रायपुरा में 16 फरवरी 2025 दिन रविवार, सुबह 11:00 बजे से दो पाली में यादव सामाजिक भवन महादेव घाट रायपुरा रायपुर में रखा गया है। 16 फरवरी को होने वाले कार्यक्रम में झेरिया यादव समाज की एकता को सशक्त शक्तिशाली बनाने समाज की आर्थिक, शैक्षणिक तथा सामाजिक विकास के पथ पर शासन द्वारा चलाये जा रहे विकास योजना के क्रियान्वयन द्वारा रचनात्मक दिशा प्रदान करने समाज को पूर्ण रूप से साक्षर बनाने छत्तीसगढ़ स्तर पर संगठन को सशक्त एवं मजबूत बनाने समाज में व्याप्त मधपान की प्रवृत्ति को खत्म करने देवी संस्कारों को अपनाने तथा आसुरी संस्कारों को छोड़ने रूढ़ि प्रथा को समाप्त कर नवीन तथा रचनात्मक प्रथा का सृजन करने तथा समाज को अधिक से अधिक राजनीतिक प्रतिनिधित्व प्रदान करवाने के लिए उपरोक्त सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

**त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव : पहले चरण का मतदान सफलतापूर्वक सम्पन्न**

# ग्रामीण सरकार चुनने मतदाताओं में दिखा अभूतपूर्व उत्साह





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 18 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत बालोद जिले में आज पहले चरण का मतदान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पहले चरण के अंतर्गत आज जिले के डौण्डीलोहारा एवं डौण्डी विकासखण्ड के सभी मतदान केन्द्रों में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण ढंग से एवं निर्विघ्न रूप से मतदान संपन्न हुआ। इन दोनों विकासखण्डों के सभी मतदान केन्द्रों में निर्धारित समय सुबह 07 बजे से मतदान प्रारंभ हो गया। मतदान अधिकारियों के द्वारा निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में मतदान का कार्य नियत समय में आरंभ कर दिया गया। पहले चरण के अंतर्गत जिले के डौण्डीलोहारा एवं डौण्डी विकासखण्ड में आज संपन्न मतदान के दौरान सभी वर्ग के मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लेते हुए पूरे जोश एवं उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केन्द्रों में पुरूष एवं महिला मतदाताओं के अलावा बुजुर्ग, दिव्यांग, युवा आदि सभी वर्ग के मतदाताओं ने आज सुबह से ही उपस्थित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संजय कन्नौजे ने दोनों विकासखण्डों के विभिन्न मतदान केन्द्रों में पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने डौण्डी विकासखण्ड के मतदान केन्द्र पथराटोला में पहुँचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पीठासीन अधिकारी एवं मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी भी ली। श्री चन्द्रवाल ने मतदान केन्द्र में उपस्थित मतदाताओं से भी मतदान केन्द्र के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने डौण्डी विकासखण्ड के मतदान केन्द्र अड़जाल, कोटागांव, गुजरा, कुसुमकसा, कुमुड़कट्टा आदि मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

आज संपन्न मतदान के दौरान युवा मतदाताओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला। इसके अंतर्गत आज जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम दानीटोला के मतदान केन्द्र क्रमांक 21 में युवा मतदाता कु. सुधा, लालिमा ठाकुर, मीनाक्षी मण्डावी, दामिनी एवं कीर्ति आदि युवा महिला मतदाता एक साथ मतदान केन्द्र में पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि उन्हें पहली बार त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इन सभी युवा मतदाताओं ने इस पल को अपने लिए अविस्मरणीय बताते हुए जिले के सभी मतदाताओं से अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इसी तरह दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाता भी आज अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए पीछे नही रहे। इसी कड़ी में ग्राम दानीटोला के मतदान केन्द्र क्रमांक 22 में बुजुर्ग दिव्यांग मतदाता श्री रमेश कुमार रावटे ने अपने शारीरिक असमर्थता के बावजूद अपने परिजनों के साथ मतदान केन्द्र में पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए।

इस दौरान डौण्डी विकासखण्ड के बकलीटोला के मतदान केन्द्र क्रमांक 17 में मतदान करने पहुँचे मतदाताओं ने मतदान केन्द्र की बेहतर व्यवस्था की भूरी-भूरी सराहना की। उल्लेखनीय है कि मतदान केन्द्र बकलीटोला में मतदाताओं के लिए बैठक एवं छांव इत्यादि की समुचित व्यवस्था की गई थी। जिसमें मतदाताओं ने छांव में विश्राम कर अपनी बारी आने पर क्रमशः अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बकलीटोला मतदान केन्द्र की सराहना वहाँ उपस्थित बुजुर्ग मतदाता रतन लाल, युवा मतदाता श्री शेखर कुमार एवं महिला मतदाता वंदना एवं नीलम ने करते हुए यहाँ की व्यवस्था को बहुत ही सराहनीय बताया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक सहित सभी रिटर्निंग अधिकारी, नोडल अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स एवं पुलिस के आला अधिकारी ने मतदान केन्द्रों का लगातार दौरा कर मतदान को सफ्लतापूर्वक संपन्न कराने हेतु व्यवस्थाओं का निरंतर मॉनिटरिंग करते रहे। सभी मतदान केन्द्रों में मतदान समाप्ति के पश्चात् मतदान अधिकारियों के द्वारा निर्धारित प्रक्रिया को पूरी करने के पश्चात् निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में मतगणना के कार्य को आरंभ कर दिया गया।

## ग्राम पंचायत घुरसेना से सावित्री साहू सरपंच निर्वाचित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 18 फरवरी।** नवागढ ब्लाक के ग्राम पंचायत घुरसेना से सावित्री गौतम साहू पंचायत चुनाव मे लगातार दूसरी बार सरपंच निर्वाचित हुई ,सावित्री लगभग 374 मतो से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को पराजित किया ज्ञात हो कि प्रदेश के कद्दावर मंत्री दयालदास बघेल के निकटतम व कट्टर सर्मथक माने जाते हैं वहीं ग्राम पंचायत घुरसेना नवागढ जनपद के अंतर्गत तीसरे नम्बर के ग्राम पंचायत मे गिनती जनसंख्या की दृष्टिकोण से आता है टेमरी, मुरता के बाद घुरसेना बडी आबादी वाला गांव है निर्वाचन कज परिणाम के बाद नवनिर्वाचित सरपंच सावित्री गौतम साहू ने सभी मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपनी जीत को सभी ग्रामवासियों की जीत बताया वहीं मंत्री दयालदास बघेल के कुशल नेतृत्व व उनके मार्ग दर्शन मे ग्राम पंचायत का चहमुखी विकास किया जायेगा ,उनके चुनाव संचालन व प्रचार प्रसार मे पूर्व सरपंच ढेलसिंग साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बलौदाबाजार में प्रशासन ने रुकवाए दो बाल विवाह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 18 फरवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी टी जाटवर के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग के बाल संरक्षण इकाई जिले में बाल विवाह रोकने हेतु सक्रिय है। सूचना मिलते ही टीम तुरंत मौके पर जा कर छानबीन करती है और सूचना सही पाये जाने पर समझाइश की कार्यवाही की जाती है। शुक्रवार को सूचना मिली कि पलारी विकासखंड के ग्राम दतान एवं कौवाडीह में बाल विवाह हो रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी के त्वरित कार्यवाही के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास के नेतृत्व में जिला बाल संरक्षण इकाई, चाईल्ड लाईन, एकीकृत बाल विकास परियोजना एवं पुलिस थाना पलारी की संयुक्त टीम गांव गई जहॉ मौके पर शैक्षणिक दस्तावेजो का निरीक्षण करने पर शिकायत सही पाई गई।

मौके पर विवाह के कार्यक्रम किये जा रहे थे। जिसे संयुक्त टीम ने रुकवाया। टीम ने दोनो गांव में होने वाले विवाहों की जांच की जिसमें गांव दतान में एक 19 वर्षीय बालक तथा ग्राम कौवाडीह में 20 वर्षीय बालक का बाल विवाह होते पाया गया। सभी के यहॉ कथन पंचनामा तैयार किया गया। टीम ने अभिभावको का कथन शपथ पत्र लेकर बालकों का उम्र 21 वर्ष पूर्ण हो जाने पर ही विवाह किये जाने समझाईश दी। बाल विवाह करने पर बाल विवाह प्रतिशेध अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही किये जाने की जानकारी परिजनो समेत ग्रामीणों को दी गई। विवाह होने पर दो वर्ष का कारावास और 1 लाख रुपये का अर्थदण्ड की कार्यवाही होने की बात बताई गई। बाल विवाह प्रतिशेध अधिनियम में विवाह करने वाले, अनुमति देने वाले, सहयोग करने वाले एवं शामील होने वाले सभी के ऊपर कार्यवाही के प्रावधान होने की जानकारी दी गई है। टीम में जिला बाल संरक्षण इकाई, चाईल्ड लाईन, एकीकृत बाल विकास परियोजना पलारी एवं पुलिस विभाग की टीम शामिल थे।

## सुने मकान में चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार



**रायपुर 17 फरवरी।** मिली जानकारी के अनुसार राजधानी रायपुर के आवासीय कॉलोनियों एवं सूने मकानों में चोरी की घटनाओं को पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा गम्भीरता से लेते हुए चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम डी.आर.पोर्ते एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल के नेतृत्व में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा चोरी के घटना स्थलों का निरीक्षण कर प्रार्थियों से विस्तृत पूछताछ करते हुए आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा आरोपियों की पतासाजी हेतु रात्रि में गश्त करने के साथ-साथ सभी घटनास्थलों के सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही आरोपियों की पतासाजी हेतु प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये।अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के संबंध में तकनीकी विश्लेषण करने के साथ ही हाल ही में जेल से रिहा हुये चोरी के आरोपियों के संबंध में भी जानकारी एकत्र की जा रहीं थी। चोरी के पुराने आरोपियों के संबंध में जानकारी एकत्र कर उनकी गतिविधियों पर निगाह रखकर अज्ञात आरोपी को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे।

इसी दौरान शातिर नकबजन डी.डी.नगर रायपुर निवासी रितिक वर्मा, जो पूर्व में चोरी/नकबजनी के कई मामलों में जेल निरूद्ध रह चुका है, की तस्दीक करने पर जानकारी प्राप्त हुई कि वह विगत कुछ दिनों से अपने पास बहुत अधिक मात्रा में नगदी रकम रखता है तथा खर्च करता है। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा उस पर लगातार नजर रखने पर उसकी गतिविधियां संदिग्ध पायी गयी, इसके साथ ही टीम के सदस्यों द्वारा उसके संबंध में जानकारियां जुटाने पर यह ज्ञात हुआ कि जहां ड्ड जहां चोरी की घटना घटित हुई थी, उन घटना स्थलों के आसपास रितिक वर्मा उपस्थित रहता था, कि रितिक वर्मा पर फोकस करते हुये घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने पर रितिक वर्मा को एक अन्य व्यक्ति के साथ देखा गया।

## घंटाघर परिसर में मुस्कुरा रहे रंग बिरंगे फूल

### फेंसिंग कर परिसर को किया गया सुरक्षित, अव्यवस्थित हो रहे घंटाघर परिसर को किया जा रहा व्यवस्थित




**कोरबा 17 फरवरी।** शहर के प्रमुख स्थल घंटाघर परिसर में अब रंगबिरंगे फूल अपनी मुस्कुराहट बिखेर रहे हैं, अव्यवस्थित हो रहा उक्त परिसर अब व्यवस्थित होने की ओर अग्रसर हो चुका है, विभिन्न प्रजातियों के फूलदार पौधों से युक्त घंटाघर परिसर की सुरक्षा हेतु लोहे की जाली से फेंसिंग की जा चुकी है ताकि पेड़-पौधों एवं परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

स्वच्छ कोरबा-सुंदर कोरबा-अतिक्रमण मुक्त कोरबा की दिशा में जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में जहॉं एक ओर शहर की सड़कों के फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त करने की ठोस कार्यवाही निगम द्वारा की जा रही है, वहीं दूसरी ओर शहर की स्वच्छता साफ-सफाई व सौदंर्यीकरण की दिशा में लगातार कार्यो को अंजाम तक पहुंचाया जा रहा है। एक ओर जहॉं लघु उद्यानिकी एवं फूलदार पेड़-पौधों का रोपण कर चौक-चौराहों, सड़कों, डिवाईडरों व फुटपाथ को संवारा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर स्वच्छता व साफ-सफाई, पर्यावरण व जल संरक्षण आदि के स्लोगन का दीवाल लेखन कर आमजन तक सकारात्मक संदेशों का प्रेषण करने के साथ ही सौदंर्यीकरण को भी आयाम दिया जा रहा है। इसी कड़ी में अव्यवस्थित हो रहे शहर के प्रमुख स्थल घंटाघर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के फूलदार पौधों का रोपण निगम द्वारा किया गया है, परिणाम स्वरूप अब उक्त परिसर में रंगबिरंगे फूल खिलते-मुस्कुराते नजर आ रहे हैं, जो बरबस ही लोगों का ध्यान आकृष्ट कर रहे हैं। आयुक्त श्री पाण्डेय के निर्देश पर मजबूत लोहे की जाली से घंटाघर परिसर की फेसिंग भी की गई है, ताकि फूलदार पेढ़-पौधों व परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**अभियान के दूसरे चरण में आज मुड़ापार व कैलाशनगर वार्ड में चलाई गई वृहद स्वच्छता ड्राईव**

## सफाई, सड़क, रोशनी व पेयजल आदि से जुड़ी शिकायतों का किया गया निराकरण

**कोरबा 17 फरवरी।** स्वच्छता महाअभियान के दूसरे चरण के प्रथम दिन आज निगम के रविशंकर नगर जोन अंतर्गत मुड़ापार वार्ड एवं बालको जोनांतर्गत कैलाशनगर में वृहद स्वच्छता ड्राईव संचालित की गई। इस दौरान नालियों की सतह से सफाई, सड़कों के किनारे उगी बर्म, झाडी की सफाई, कचरे का त्वरित उठाव एवं परिवहन सहित सड़क रोशनी, पेयजल आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों का निराकरण मौके पर ही किया गया, वहीं सी.एण्ड डी.वेस्ट का उठाव तथा सार्वजनिक स्थल पर गदंगी करने, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने पर संबंधितों पर अर्थदण्ड भी लगाया गया।

यहॉं उल्लेखनीय है कि कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में 25 जनवरी से नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड एवं बस्तियों में क्रमशः स्वच्छता का महाअभियान चलाकर विशेष साफ-सफाई के कार्य कराए जा रहे हैं, प्रथम चरण में 25 जनवरी से 06 फरवरी तक यह अभियान विभिन्न वार्डो में चलाया गया, जिसके तहत परिवहन नगर, पाड़ीमार 01, नेहरूनगर, पाड़ीमार 02, पुरानी बस्ती, कांशीनगर, पम्प हाउस, सर्वमंगला नगर आदि वार्डो की विभिन्न बस्तियों, पारों, मोहल्लों, मुख्य मार्गो व संपर्क सड़कों में वृहद स्वच्छता ड्राईव संचालित कर व्यापक पैमाने पर साफ-सफाई के कार्य कराए गए थे। आज 17 जनवरी से स्वच्छता महाअभियान का अगला चरण फिर से प्रारंभ किया गया तथा निगम के रविशंकर जोनांतर्गत मुड़ापार वार्ड एवं बालको जोनांतर्गत कैलाशनगर वार्ड में स्वच्छता ड्राईव संचालित कर वृहद पैमाने पर साफ-सफाई के कार्य किए गए, इस दौरान निगम के उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, पवन वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जोन कमिश्नर प्रकाश चन्द्रा एवं एन.के.नाथ, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, सचिन्द्र थवाईत, सहायक अभियंता विपिन मिश्रा, किरण साहू, सतानंद द्विवेदी आदि सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियों स्वच्छता मित्रों, सफाई कर्मचारियों ने अभियान में अपनी सहभागिता दी।




**गदंगी फैलाने पर लगा अर्थदण्ड** - अभियान के दौरान मुड़ापार वार्ड में सार्वजनिक स्थान पर गोबर फैलाकर गदंगी की गई थी, जिस पर अधिकारियों ने संबंधित व्यक्ति पर 1000 रूपये का अर्थदण्ड लगाया, इसी प्रकार मुड़ापार वार्ड में ही दुकान में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग करते पाए जाने पर संबंधित दुकान संचालक पर 1000 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया गया, साथ ही इन्हे कड़ी समझाईश दी गई कि वे सार्वजनिक स्थल पर गदंगी न फैलाएं, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग अपने दुकान, प्रतिष्ठानों में न करें।

**सी.एण्ड डी.वेस्ट व कोयला सिगड़ी पर कड़ी हिदायत** - अभियान के दौरान विभिन्न स्थलों पर मकानों के निर्माण व मरम्मत के कारण उत्सर्जित सी.एण्ड डी.वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री सड़क, सार्वजनिक स्थल पर डम्प पाए जाने पर संबंधितों को अधिकारियों ने कड़ी हिदायत दी तथा स्थल से सी.एण्ड डी.वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री तत्काल हटा लेने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अनेक स्थलों पर बस्तीवासियों द्वारा कोयला सिगड़ी जलाकर उसके जहरीले धुएं से आबोहवा खराब करने वालों को भी अधिकारियों को कड़ी समझाईश दी तथा कोयला सिगड़ी से उत्पन्न होने वाले जहरीले धुएं से होने वाले स्वास्थ्य के नुकसान की जानकारी उन्हें देते हुए उन्हें हिदायत दी कि वे इंर्धन के रूप में कच्चे कोयले का उपयोग कदापि न करें।


## कार्यालय नगर पंचायत बस्तर, जिला-बस्तर (छ.ग.)

क्रमांक/1796/लो.नि.वि./न.प./2025 बस्तर, दिनांक 17/02/2025

### मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म से निम्न निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 28.02.2025 5.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि - 03.03.2025 5.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि - 10.03.2025 3.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 10.03.2025 4.00 बजे तक

| क्र. | कार्य का विवरण | प्राक्कलन राशि (लाख में) | अमानत राशि (हजार में) |
|---|---|---|---|
| 1. | हाईमास्ट विद्युत पोल विस्तारीकरण कार्य (वार्ड क्र.-04 लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम हाई स्कूल ग्राउण्ड) 06 सेट | 39.03 | 30000.00 |

उक्त जानकारी की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत बस्तर**

# एक नजर

## रायपुर के बच्चों को मिलेगा एजुकेशन फीस भरने में कैशबैक

**रायपुर, 18 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में पहली बार अब यहाँ के बच्चो को अपनी एजुकेशन



फीस भरने में आकर्षक कैशबैक मिलेगा यह पहल की है रोहित शर्मा-समर्थित एडु-फिनटेक कंपनी लियो वन (LEOv) ने। रायपुर स्थित रेजिडेंशियल मिलिट्री स्कूल कार्डिनल वॉरियर्स के साथ साझेदारी करते हुए कंपनी ने भारत का पहला फीस रीइंबर्समेंट कार्ड लॉन्च किया। छत्तीसगढ़ में अपनी उपस्थिति को और अधिक मजबूत करने के लिए कंपनी अन्य एजुकेशन इंस्टिट्यूट के साथ अपनी भागेदारी सुनिश्चित करेगी ताकि राज्य के अनेको बच्चो को इसका लाभ दिया जा सके। यह कार्ड छात्रों को समय पर फीस और अन्य ज़रूरी भुगतान करने पर रिवार्ड और कैशबैक प्रदान करता है। कार्डिनल वॉरियर्स, जिसे मेजर प्रवीन सिंह द्वारा स्थापित किया गया है, अनुशासन और आत्मनिर्भरता के मूल सिद्धांतों पर आधारित शहर का एक प्रतिष्ठित संस्थान है। यह स्कूल कैडेट्स को सशस्त्र बलों, सिविल सर्विसेज, चिकित्सा और खेल जैसे क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए तैयार करता है। अब यह स्कूल लियो वन (LEOv) की सॉफ्टवेयर एज ए सर्विस ( SaaS ) समाधान के साथ एक स्मार्ट कैंपस बन चुका है। फीस रीइंबर्समेंट कार्ड और ऐप के माध्यम से समय पर फीस भुगतान करने पर छात्रों को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे उनमें वित्तीय अनुशासन विकसित होगा और स्कूल के वित्तीय प्रवंधन और अधिक प्रभावी बनेगा।

## अमर गिदवानी का सम्मान

**रायपुर, 18 फरवरी।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया




ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट के प्रदेश कार्यालय में कैट के प्रदेश चेयरमेन श्री अमर गिदवानी जी, का नगरीय निकाय चुनाव में पार्षद निवार्चित होने पर कैट ने स्वागत सम्मान किया गया। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कैट के प्रदेश चेयरमेन श्री अमर गिदवानी जी, का नगरीय निकाय चुनाव में पार्षद निवार्चित होने पर कैट ने साल एवं श्रीफल से स्वागत सम्मान किया गया। उन्होंनें आगे बताया कि श्री गिदवानी जी वार्ड ऋमांक 57 पंडित भगवती चरण शुक्ल वार्ड से पार्षद निर्वाचित हुए है। कैट टीम श्री गिदवानी जी को हार्दिक शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मातृ-पितृ दिवस का आयोजन किया गया

**रायपुर, 18 फरवरी।** मातृ पितृ दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा मातृ-पितृ दिवस बड़ी धूमधाम से बनाया क्या। इस आयोजन में बड़ी संख्या में बुजुर्गो



उपस्थित रहे, बुजुर्गो के लिए भजन संध्या के साथ अनेक मनोरंजन प्रतियोगिताएं रखी गई थी जिसमें अंताक्षरी स्पर्धा रही। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती स्मिता सिंह ने सभी बुजुर्गो को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानी दुबे परिवार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# अभनपुर से धनेन्द्र साहू के पुत्र यशवंत, पूजा कोसले एवं राखी ध्रुव विजयी

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव : भाजपा-कांग्रेस के अपने-अपने दावे

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 18 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के परिणाम आने लगे हैं। जिसकी अधिकृत घोषणा करना बाकी है। रायपुर जिले के अभनपुर ब्लॉक से पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू के पुत्र यशवंत साहू और तीन कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार जिला जनपद का चुनाव जीत गए हैं। वहीं सरायपाली से पूर्व मंत्री के निज सचिव श्याम तांडी चुनाव हार गए हैं। पत्थलगांव के बगीचा विकासखण्ड में मिशन समर्थकों की जीत ने सभी को चौंका दिया है।

राज्य निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के 53 ब्लॉक में 17 फरवरी को पंच-सरपंच, जनपद एवं जिला जनपद सदस्य के लिए प्रथम चरण का निर्वाचन हुआ था। मतदान के पश्चात परिणाम को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने अपने-अपने समर्थकों की जीत का दावा किया है। भाजपा प्रवक्ता के अनुसार रायपुर के अभनपुर, महासमुंद के सरायपाली, पत्थलगांव के बगीचा, अंबिकापुर सहित अन्य जिलों में मतों की गिनती हो गई है। टेबुलेशन चल रहा है। अभनपुर के पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू ने बताया कि उनका पुत्र यशवंत साहू एवं कांग्रेस समर्थित राखी ध्रुव तथा पूजा कोसले चुनाव जीत गए हैं। पंच, सरपंच के बारे में उन्होंने कोई जानकारी नहीं दी है। भाजपा समर्थकों के अनुसार पंचायत चुनाव गैरदलीय आधार पर लड़े जाते हैं लेकिन इस वर्ष चुनाव में प्रत्याशियों को अधिकृत कर दिया गया था। सरायपाली ब्लॉक में श्याम तांडी की करारी हार हो गई है। वे विधानसभा चुनाव भी हार चुके हैं। यहां के पूर्व विधायक के अनुसार पंच-सरपंच एवं जनपद सदस्य के लिए खड़े भाजपा समर्थकों को जीत मिली है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार बस्तर तथा अन्य जिलों के परिणाम का इंतजार किया जा रहा है। मतदान के तत्काल पश्चात मतों की गणना की जानी थी किया जाना था लेकिन मतदान में लोगों की भागीदारी को देखते हुए आज सुबह से गणना शुरू हुई। पत्थलगांव के अंतर्गत आने वाले बगीचा में जनपद सदस्य तथा अन्य प्रतिनिधियों के निर्वाचन में मिशन समर्थकों का दबदबा बरकरार है। जशपुर जिले में वर्तमान मुख्यमंत्री के रिश्तेदार तथा पूर्व मंत्री की बेटी किस्मत आजमा रहीं हैं।

**20 को दूसरे चरण का मतदान, प्रत्याशी सक्रिय**-रायपुर जिले के अंतर्गत आने वाले धरसींवा तथा अन्य ब्लॉक में दूसरे चरण का मतदान होगा। यहां पर आरंग के विधायक खुशवंत साहब के भाई अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। खरोरा के क्षेत्र क्रमांक 5 से राजू शर्मा और सुरेन्द्र वर्मा के बीच मुकाबला है। संजय शर्मा भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। आयोग द्वारा निष्पक्ष मतदान कराने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। अलग-अलग रंग के मतपत्र छपवाए गए हैं। नीला, गुलाबी, और सफेद मतपत्र क्रमशः पंच, सरपंच और जनपद तथा जिला जनपद सदस्य के लिए वोट डालना होगा। आयोग द्वारा कागज उपलब्ध कराया गया है। वर्तमान में जिला सहकारी संघ के मुद्रणालय में इसका प्रकाशन हो रहा है। गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद एवं बलौदाबाजार के पंचायत चुनाव में पंचायत विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# चुनाव नतीजों पर गरमाएगा विस

■ बजट को लेकर रायशुमारी जारी

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 18 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में व्यस्त कैबिनेट मंत्री अब अपने-अपने क्षेत्रों से लौटने लगे हैं। वित्त विभाग द्वारा की जा रही बजट की समीक्षा में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के विभिन्न विभागों की बजट की समीक्षा कर ली गई है।

मिली जानकारी के अनुसार वित्त विभाग द्वारा 2025-26 के बजट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके लिए विभागवार मंत्रियों से रायशुमारी की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के अधीन शिक्षा, खनिज, सामान्य प्रशासन, जनसम्पर्क तथा ऊर्जा विभाग है। इन विभागों के बजट आबंटन को लेकर बैठक हो चुकी है। अब कुछ मंत्रियों के विभाग ही शेष हैं। इनकी भी समीक्षा शीघ्र कर ली जाएगी। इसके पश्चात बजट को शासकीय मुद्रणालय में प्रकाशन के लिए भेज दिया जाएगा। विधानसभा सचिवालय के अनुसार राज्य में 24 फरवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र की तैयारियां शुरू हो गई है। अभी तक 2000 के आसपास प्रश्न लग



चुके हैं। विधानसभा सचिवालय द्वारा वर्गवार प्रश्नों का आबंटन किया गया है। जिस वर्ग में मंत्री आते हैं वे उनका उत्तर देंगे। नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सत्तारूढ़ दल को मिली सफलता के पश्चात भाजपा के आक्रामक रहने की संभावना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में लड़े गए नगरीय निकाय चुनाव में भारी सफलता प्राप्त हुई है।

# राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड की बैठक में व्यापारी हितों पर चर्चा

**रायपुर, 18 फरवरी।** राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री अमर पारवानी ने बताया कि विगत दिनां नई दिल्ली राजधानी के वाणिज्य भवन में राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड की 5वीं महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंघी ने की। इस बैठक में 9 विभिन्न मंत्रालयों के जॉइंट सेक्रेटरी भी मौजूद थे। बैठक में करीब 20 राज्यों के बोर्ड सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव रखे। बैठक में बजट 2025 के तहत व्यापारियों को मिलने वाले लाभों पर विस्तृत चर्चा हुई।

श्री पारवानी ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हम विकसित भारत संकल्प को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सभी ने समावेशी और लाभकारी बजट 2025-26 के लिए पीएम माननीय मोदी जी का आभार व्यक्त किया, जो एमएसएमई व्यापारियों का समर्थन करेगा और व्यापार करना आसान बना देगा। बोर्ड ने बजट के सकारात्मक प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। खुदरा व्यापारियों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की जागरूकता और पहुंच बढ़ाने के लिए नौ मंत्रालयों के बोर्ड सदस्यों और अधिकारियों से सुझाव एकत्र किए गए।

श्री पारवानी ने बताया कि जल्द ही हर राज्य में व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया जाएगा। जिससे भारत के प्रत्येक जिले तक व्यापारियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इससे देश की आर्थिक प्रगति को और गति मिलेगी। श्री अमर पारवानी ने छत्तीसगढ के व्यापारियों के लिए अहम मांग उठाई। उन्होंने बताया कि टैक्स से बचा हुआ पैसा व्यापारियों के परिवारों के खर्च में आएगा, जिससे व्यापार और अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। जिससे प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदीजी का सपना सब का साथ, सब का विकास सार्थक होगा। श्री पारवानी ने छत्तीसगढ में व्यापारियों को राहत देने के लिए अनेक मांगें भी रखी, जिनमें ट्रेड लाइसेंस, लेबर लॉ और जीएसटी एवं जीएसटी रिफंड की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने की व्यवस्था, व्यापारियों के लिए सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का शीघ्र क्रियान्वयन आदि शामिल रहा। श्री पारवानी ने बताया कि दिल्ली में हुई यह बैठक व्यापारियों के लिए कई मायनों में महत्वपूर्ण रही। श्री पारवानी ने मांग की है, कि एमएमएई में उद्योगपतियों को जो लाभ मिलता है। वहीं लाभ सभी व्यापारियो को भी मिलना चाहिए। क्योकि इसमें सरकार और व्यापारी समुदाय के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए ठोस निर्णय लिए गए। श्री पारवानी ने आगे बताया कि 43 बी एच के मुद्दे पर भी विचार करने की मांग की ओर कहा कि 45 दिन में कोई व्यापारी पेमेन्ट नहीं दे पाता है और व्यापारियों को मॉल बेचने के लिए उधार में मॉल बेचना ही पड़ता है।

# जय व्यापार पैनल ने की तीन प्रत्याशियों की घोषणा



**रायपुर, 18 फरवरी।** जय व्यापार पैनल के संरक्षक मंडल ने आगामी चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की। इस महत्वपूर्ण बैठक में पैनल के संरक्षक मंडल के श्री आसुदामल, श्री महेंद्र धाड़ीवाल, श्री हनुमान प्रसाद अग्रवाल, श्री यू एन अग्रवाल, सलाहकार श्री जितेन्द्र दोषी, श्री सुरेंद्र सिंह, श्री परमानंद जैन, श्री राजेंद्र जग्गी, श्री विक्रम सिंहदेव, श्री मनमोहन अग्रवाल, श्री मनोज अग्रवाल सहित श्री अमर पारवानी, श्री अजय भसीन श्री उत्तम गोलछा उपस्थित थे। जय व्यापार पैनल से आगामी कार्यकाल के लिए प्रमुख पदों पर श्री अमर पारवानी को अध्यक्ष, श्री अजय भसीन को महामंत्री और श्री उत्तम गोलछा को कोषाध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से प्रत्याशी बनाया। यह निर्णय पिछले चार वर्षों के उनके सफल कार्यकाल को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सभी पदाधिकारियों ने अपने कार्यकाल के दौरान प्रभावी और जिम्मेदार नेतृत्व का प्रदर्शन किया है, जिससे चेंबर को मजबूत समर्थन प्राप्त हुआ है।

जय व्यापार पैनल छत्तीसगढ़ में व्यापारिक समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। चेम्बर ने इस कार्यकाल में वर्तमान अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में नये 11,500 रिकॉर्ड सदस्यों के साथ एक मजबूत समर्थन प्राप्त किया है । जय व्यापार पैनल ने आगामी चुनावों के लिए अपनी रणनीतियों और लक्ष्यों को स्पष्ट किया है और अपने पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। पैनल ने अपने प्रत्याशियों के प्रति विश्वास व्यक्त किया है और आगामी चुनावों में व्यापारियों से उन्हें पूर्ण समर्थन देने का आह्वान किया है। संरक्षक मण्डल ने कहा कि उनके पैनल का उद्देश्य व्यापारिक समुदाय के हितों की रक्षा और संवर्धन करना है।

## दुर्गा महाविद्यालय में हुआ पूर्व छात्र मिलन समारोह

**रायपुर, 18 फरवरी।** दुर्गा महाविद्यालय की स्थापना के 60 वर्ष पूरे होने पर महाविद्यालय द्वारा हीरक जयंती वर्ष मनाया जाएगा जिसमें महाविद्यालय प्रारंभ होने से लेकर वर्ष 2024 तक के समस्त पूर्व छात्रों का मिलन समारोह आज दुर्गा महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुआ,उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व प्राध्यापक आरके गुप्ता सर, चंदेल सर,कुशवाहा सर,जैन सर, हाजरा सर, गुमास्ता सर, भारती सर, वर्मा सर, कालेले सर, धुप्पड सर, आभा राय, आशा सारस्वत,तिवारी सर, आश्मा शहीद, मिश्रा सर, चौरसिया सर, मुखर्जी सर, खनूजा सर का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। एल्यूमिनी समिति के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने बताया कि महाविद्यालय की विभूति सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, विकास उपाध्याय,डीआईजी बिलासपुर संजीव शुक्ला, संजय शर्मा का सम्मान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में महाविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष गोकुलदास डागा, अशोक अहलूवालिया, बृजमोहन अग्रवाल, सुनील सोनी,जग्गू सिंह ठाकुर, परवेज अहमद, मनदीप सिंह गिल,अर्चना थानवी, शांतनु झा का भी सम्मान किया गया।

स्वागत उद्बोधन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रतिभा मुखर्जी एवं एल्युमिनी मीट के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल द्वारा दिया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में सत्यप्रकाश झुनझुनवाला,वसंत सेठिया,विनय शर्मा, अजय दानी, राजकुमार राठी,राजेश मिश्रा, संतोष अग्रवाल,शिवरतन गुप्ता, अनिल ठाटवार, विजय हिषिकर सत्यप्रकाश,अमरजीत सिंह संधू, जसबीर सलूजा, जेपी उपाध्याय,पूजा मोहिते, अमन झा,विजय शर्मा, रज़ी मोहम्मद ,हरिराम शर्मा, कार्तिक गायकवाड,अजय शर्मा, किशोर पटेल,अमरजीत छाबड़ा शामिल है।

## कांग्रेस का जनाधार खत्मः टंकराम

**रायपुर, 18 फरवरी।** पंचायत चुनाव के परिणाम का रुझान आने के साथ ही आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरु हो गया है। मंत्री टंकराम वर्मा ने पंचायत चुनाव के पहले चरण को लेकर मीडिया से चर्चा की और विपक्ष पर हमला बोला है। मीडिया से बातचीत में मंत्री वर्मा ने कहा कि मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन ही विकास की मुख्य वजह है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में लोगों के पास विकास पहुंचा है और निकाय चुनावों के बाद पंचायत चुनावों में इसका असर देखा जा रहा है। मंत्री वर्मा ने कहा, ÷20 और 23 फरवरी को होने वाली वोटिंग में भी हमें बढ़त मिलेगी। गांव-गांव में पीएम आवास बन रहे हैं और किसानों को धान का राशि मिल रहा है। महतारी वंदन योजना का भी लोगों को फायदा मिला है। बस्तर में बम्पर वोटिंग को लेकर मंत्री वर्मा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने बस्तर पर विशेष ध्यान दिया है। बस्तर में बदलाव आ रहा है और लोग नक्सलवाद से हटकर मुख्यधारा में विकास की ओर बढ़ रहे हैं। लोकतंत्र पर लोगों का विश्वास बढ़ा है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के खिलाफ मोर्चा खोलने को लेकर मंत्री वर्मा ने कहा कि कांग्रेस विधानसभा, लोकसभा और उपचुनावों में हार चुकी है, नगर निगम चुनाव भी हार चुकी है।




# 29348 वाहन बेचकर ऑटो एक्सपो ने बनाया नया रिकार्ड

■ आरटीओ टैक्स कलेक्शन से मिले 119.68 करोड़ रुपए

■ राडा मेंबर्स ने इसकी खुशी में केट काटकर किया सेलिब्रेट




**रायपुर, 18 फरवरी।** राजधानी रायपुर में 15 जनवरी से 15 फरवरी तक राडा द्वारा आयोजित ऑटो एक्सपो ने ऑटोमोबाइल सेक्टर में इतिहास रच दिया है। वाहनों की बिक्री ने एक नया रिकार्ड बना दिया है। इस सफल आयोजन की चर्चा पूरे देश में हो रही है बल्कि कुछ राज्य के डीलर्स तो इसकी खूबियां जानने पहुंचे भी थे और कुछ ने प्लान मांगा है। दरअसल राडा के टीम नेटवर्क ने इसे सफल बनाया जो शुरु से आखिरी दिन तक पूरा समन्वय बनाकर डटे रहे। छत्तीसगढ़ सरकार ने 50 फीसदी का छूट आजीवन रोड टैक्स पर देकर इसे और नई ऊंचाईयों पर पहुंचा दिया। इसी वजह से 29348 वाहनों की रिकार्ड बिक्री हो गई जबकि पिछले एक्सपो में केवल 10149 वाहन बिके थे इस लिहाज से देखें तो 19199 वाहन ज्यादा बिके हैं जो 189.17 फीसदी का ग्रोथ दर्शाते हैं। इस बिक्री से आरटीओ टैक्स कलेक्शन भी 119.68 करोड़ पहुंच गया। जो कि पिछले एक्सपो में केवल 28.39 करोड़ था। जो कि 321.56 फीसदी का रिकार्ड बढ़त दर्शाता है। अगले एक्सपो में फिर नई प्लान, नई तैयारी, नए वाहन, नई सुविधा, नए-पुराने लोगों के साथ मिलकर और भी व्यापक आयोजन करने का संकल्प लेते हुए राडा मेंबर्स ने समापन दिवस पर केक काटकर आपस में खुशियां सेलिब्रेट किया। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) के अध्यक्ष श्री रविन्द्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया ने बताया किऑटोमोबाइल सेक्टर में संभवतः देश का पहला ऐसा इवेंट होगा जो लगातार एक माह तक चला है। 100 ऑटोमोबाइल ब्रांड का एक जगह पर मौजूद होना वह भी सारे सेग्मेंट के साथ बड़ी बात है। इसके साथ टायर,ट्यूब, इक्विपमेंट से लेकर फाइनेंस तक की 200 स्टाल ने ऑटो एक्सपो को महाएक्सपो बना दिया था। जब उद्घाटन दिवस पर सीएम विष्णुदेव साय ने पिछले एक्सपो से दुगुना अर्थात 20 हजार से अधिक वाहन बिक्री की उम्मीद हमसे जतायी थी।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26